भाद्रपद कृष्ण पक्ष-3, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 108 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
02 अक्टूबर 2023
सोमवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



गांधी जयंती आज

### भाजपा चुनाव समिति की बैठक के बाद अब ग्वालियर में पीएम मोदी की सभा

# रीज़नल इंजीनियरिंगः फिर टिकट सूची संयोग से जुड़ा मोदी का दौरा

**भोपाल/ ग्वालियर, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्वालियर आ रहे हैं। सात दिन पहले जब वे भोपाल आये थे,तब उनके दौरे व संबोधन से कई राजनीतिक निहितार्थ पैदा हो गये थे,उनके दिल्ली लौटने के कुछ ही घंटे बाद मप्र विस चुनाव के लिये भाजपा उम्मीदवारों की चौंकाने वाली सूची आई थी,जिसमें सात सांसदों समेत कई चौंकाने वाले नाम थे। कल ही दिल्ली में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मप्र समेत तीन राज्यों में टिकट सूची पर विचार हुआ है और आज फिर मोदी के मप्र आने के चलते 'पिछला संयोग' फिर ताजा है।

भाजपा खेमे में भी हलचल है तथा आज या आने वाले कुछ दिनों में फिर नयी टिकट सूची को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। मोदी हाल के महीनों में मप्र के आठ दौरे कर चुके हैं। इन दौरों को सीधे विधानसभा चुनाव से जोड़ा जा रहा है। मोदी मप्र के कई संभागों में जा चुके हैं। दो दिन पहले राहुल गांधी की सभा व दो दिन बाद प्रियंका गांधी की सभा के चलते मोदी का आज का भाषण भी सियासी दिलचस्पी का विषय बना हुआ है।



### 19 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट का लोकार्पण-भूमिपूजन

मोदी 2 अक्टूबर को ग्वालियर से देश की विभिन्न जगहों पर 19 हजार करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इसमें इंटरनेशनल दिव्यांग स्पोर्ट्स सेंटर और दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस का वर्चुअली लोकार्पण भी शामिल है। मोदी दोपहर 3 बजे ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा 9 केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। इस दौरान वे आईआईटी इंदौर की एकेडमिक बिल्डिंग का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। साथ ही, परिसर में प्रस्तावित हॉस्टल और अन्य बिल्डिंग्स के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा इंदौर में ही प्रस्तावित मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क और उज्जैन की इंट्रीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भूमिपूजन भी किया जाएगा।

### 3800 करोड़ के रोड व जल प्रोजेक्ट

पीएम मोदी 1880 करोड़ से ज्यादा की लागत वाले पांच रोड प्रोजेक्ट का भी भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा, मध्यप्रदेश से गुजर रहे 244.50 किलोमीटर लंबे दिल्ली- बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे को भी देश को समर्पित करेंगे। वे श्योपुर के 720 गांवों को पेयजल मुहैया कराने के लिए तीन जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट का भी भूमिपूजन करेंगे। ग्वालियर समेत देश के अलग - अलग शहरों में प्रस्तावित 9 क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास भी किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बने 2 लाख आवासों में परिवारों को गृह प्रवेश भी कराया जाएगा।

### देश में बनेंगे पांच दिव्यांग स्पोर्ट्स सेंटर, एक ग्वालियर में

**उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार देश में पांच दिव्यांग स्पोर्ट्स सेंटर बना रही है। इसी के तहत ग्वालियर में ट्रिपल आईटीएम के सामने 14 हेक्टेयर में अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण करीब 170 करोड़ रुपए से किया गया है। यहां दिव्यांग खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा के मुताबिक विश्वस्तरीय संसाधनों से संबंधित खेल की ट्रेनिंग दी जाएगी।**

## मोदी समेत कई नेताओं ने दी गांधी व शास्त्री को श्रध्दांजलि



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आज भारत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मना रहा है। इस मौके पर राजधानी दिल्ली स्थित राजघाट पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रउन्हें श्रध्दांजलि अर्पित की। वे शास्त्री के समाधिस्थल भी पहुंचे। वहीं टीएएमसी आज राजघाट पर प्रर्दशन करेगी। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कांग्रेस व अन्य दलो केनेताओंने भी राष्ट्रपिता को श्रध्दाजलि दी है।

## यशोधरा ने चुनाव लड़ने से किया इंकार, शुक्ला ने दिखाए तेवर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने आगामी विस चुनाव नहीं लड़ने के



संकेत दिए हैं, उन्होंने कहा वे अब 21 साल की नहीं रही और चार बार कोरोना से जूझ चुकी हैं। उन्होंने कहा वे पहले ही भाजपा नेतृत्व को अपनी इच्छा बता चुकी हैं। वीडी शर्मा ने भी यशोधरा की इस इच्छा की सूचना मिलने की बात स्वीकार की है। उधर टिकटनहीं मिलने के बाद भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला ने बगावती सुर दिखाए हैं। उन्होंने आज महापंचायत बुलाई है।

### मांझी ने भी छोड़ी चुनावी सियासत

उधर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संस्थापक के जीतन राम मांझी अब भविष्य में कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। मांझी ने कहा है कि उनकी उम्र 79 साल हो गई है और 75 साल के बाद चुनाव नहीं लड़ना चाहिए।

## भैंस का पेट चीरकर निकाला सवा लाख का सोना, 65 टांके लगे

**वाशिम , एजेंसी।**

महाराष्ट्र के वाशिम जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां पर एक भैंस ने सवा लाख रुपए कीमत का मंगलसूत्र निगल लिया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन करके भैंस के पेट में चीरा लगाया, तब जाकर ढाई तोले का मंगलसूत्र बाहर निकाल सका। सर्जरी में भैंस को 65 टांके लगाने पड़े। खबरों के अनुसार सारसी गांव का यह मामला है। किसान रामहरि की पत्नी ने नहाने को जाते समय अपना मंगलसूत्र सोयाबीन और मूंगफली के छिलकों से भरी एक प्लेट छिपा दिया था नहाकर निकलने के बाद उसने वही छिलकों वाली प्लेट बर्तन भैंस के सामने खाने को रख दी और घर के



काम में लग गई। डेढ़ से दो घंटे बाद उसे अपने गले में मंगलसूत्र न होने का एहसास हुआ। तब याद आया कि मंगलसूत्र तो उसने छिलकों वाली प्लेट में रखा था वह भागकर भैंस के पास पहुंची तो देखा कि भैंस ने छिलके खा लिए और प्लेट खाली पड़ी है।



### यात्रा रोकी, भड़के दिग्विजय

*विदिशा से भोपाल आ रही कांग्रेस की 'संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' यात्रा को पुलिस ने आज जब लांबाखेड़ा में रोका तो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पहुंच गये। जबकि उन्होंने पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी कि यात्रा को यदि रोशनपुरा चौराहे तक नहीं जाने दिया गया तो वे यहीं धरना देंगे। इसके बाद पुलिस ने अनुमति दी व दिग्विजय यात्रा के साथ पैदल भोपाल की ओर चल पड़े।*

## कूनो के गेट खुले, चीता सफारी के लिए इंतजार

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के संरक्षित जंगलों टाइगर रिजर्व के गेट खुल गये हैं। इनमें श्योपुर



जिले का कूनो नेशनल पार्क भी शामिल है। लेकिन पिछले सीजन की तरह पार्क का मुख्य गेट टिकटोली अभी बंद ही रहेगा। जबकि पीपलबावड़ी और अहेरा गेट खुल गए। जहां से पर्यटक कूनो का सौंदर्य और वन्यजीवों को निहार सकेंगे। हालांकि, पर्यटकों को चीतों का दीदार करने के लिए अभी इंतजार करना होगा। बताया जा रहा है कि आगामी महीनों में खुले जंगल में छोड़े जाने वाले चीते पर्यटकों को देखने को मिल सकते हैं। ज्ञात हो कि मप्र में भी बारिश के दिनों में राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य तीन माह के लिए बंद रहते हैं। इसी के तहत सभी रिजर्व व नेशनल पार्क भी 1 जुलाई से 30 सितंबर के लिए बंद थे।

## गुलाबी ठंड के लिए अभी 20 दिन इंतजार, तब तक बूंदाबांदी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में मानसून का समय अधिकारिक तौर पर बीत गया है लेकिन मप्र के कुछ इलाकों में छाए बादल अभी लौटने में वक्त लेंगे। । अक्टूबर को पोस्ट मानसून सीजन कहा जाता है। इस महीने मिला-जुला मौसम रहने के आसार हैं। दिन में तीखी धूप तो देर रात के बाद या तड़के हल्की ठंडक बनी रह सकती है। मौसम विभाग ने कहा है कि अक्टूबर के पहले हफ्ते दो या तीन दिन हल्के बादल व बूंदाबांदी की भी छाने की संभावना है। पारा 30 से 32 डिग्री और एक या दो दिन 33 डिग्री से ऊपर भी पहुंच सकता है। 15 दिन बाद रातें ठंडी होना शुरू हो जाएंगी। 21 दिन बाद यानी अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में गुलाबी ठंड शुरू हो सकती है।

उधर बालाघाट और मंडला जिले में हल्की बूंदाबांदी हुई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और प्रदेश के दूसरे



जिलों में दिन में धूप है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से सिस्टम एक्टिव होने से प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, शहडोल, रीवा संभाग में बारिश हो रही है।

## पेशे से इंजीनियर व पुणे केस का वांटेड आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए इस्लामिक स्टेट के आतंकवादी को पकड़ा है। आतंकी का नाम मोहम्मद शाहनवाज सफीउज्जमा आलम उर्फ अब्दुल्ला बताया गया है। वह दिल्ली का ही रहने वाला है और पेशे से इंजीनियर है। शाहनवाज पर 3 लाख रुपए का इनाम था। उसके दो साथी भी हिरासत में लिए गए हैं। दोनों पर आंतकवादी मदद का आरोप है।अधिकारियों के अनुसार, शाहनवाज पुणे आईएसआईएस केस में वांटेड था। वह दिल्ली में स्लीपर सेल की भर्ती कर रहा था। सूचना थी कि मोहम्मद शाहनवाज सफीउज्जमा आलम उर्फ अब्दुल्ला, रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्ला फैयाज शेख दिल्ली में हैं। इसके बाद अलर्ट जारी किया गया था। ये तीनों 'पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले' शामिल थे।

## जमीन विवाद में 5 को गोली मारी, 1 का गला काटा

**देवरिया, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जब देवरिया में जमीन विवाद में खूनी संघर्ष का दहलाने वाला मामला सामने आया है। जमीन विवाद में 6 लोगों की हत्या आज सुबह की गई। धारदार हथियार से इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया। रुद्रपुर के फतेहपुर के लेहहां टोला गांव का मामला बताया जा रहा है। वारदात के दौरान तीन लोगों के मौत की पुष्टि प्रशासन की ओर से की जा रही है। वहीं कहा जा रहा है कि एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या हुई है। सुबह के समय में घर के बाहर बैठे लोगों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्याकांड को अंजाम दिया गया। वारदात को अंजाम देने आए और हमलावरों का नेतृत्व कर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य के भी मारे जाने की सूचना है। साथ ही, इस घटना के दौरान गोली मारने की भी सूचना आई है।

**मेट्रो एंकर**

### जीपीएस स्पूफिंग का खौफ, नेविगेशन सिस्टम से खतरनाक छेड़छाड़

# हवा में भटक रहे विमान, मुसाफिरों पर नया खतरा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

जीपीएस स्पूफिंग को लेकर चौंकाने वाली खबरें सामने आई हैं। यह मामले हवा में उड़ते विमानों के हैं इसलिये ज्यादा चिंताजनक बन रहे हैं। दरअसल पिछले दो हफ्तों में उड़ान भर रहे कम से कम 20 एयरलाइन और कॉरपोरेट जेट को फेक जीपीएस सिग्नल के शिकार बन गए। इस नकली सिग्नल की वजह से ये सभी 20 विमान रूट से ही भटक गए। ये सिग्नल जमीन से भेजे गए थे और इतने मजबूत थे कि वे विमान के नेविगेशन सिस्टम से भी छेड़छाड़ कर सकते थे। यही नहीं ये सैटेलाइट जीपीएस सिग्नल को भी ओवरराइड कर सकते थे और फ्लाइट्स को उनके रास्ते से हटा सकते थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इसने नेविगेशन सिस्टम को इस तरह से विफल किया कि पायलटों को विमान की स्थिति जानने के लिए एटीसी से मदद मांगनी पड़ी। हालांकि जीपीएस सिग्नल इंटरफेरेंस का यह रूप एक दशक से अधिक समय से है, मगर अब पहली बार नागरिक यात्री उड़ानों को इस तरह निशाना बनाया गया है। स्पूफिंग का मतलब है नकल करना। जीपीएस सिग्नल स्पूफिंग का मतलब हुआ रिसीवर को सही जानकारी न भेजकर फेक जानकारी भेजी जाती है। असल सैटेलाइट सिग्नल के साथ हेरफेर कर फेक सिग्नल रिसीवर के पास आते हैं। इसके कारण विमान असल जगह न जाकर रास्ता भटक जाते हैं। विमान का जीपीएस रिसीवर नहीं जानता कि वह झूठे जीपीएस सिग्नल पढ़ रहा है। विमान का फ्लाइट मैनेजमेंट सिस्टम नकली जीपीएस संकेतों को ही सही मान लेता है। आप्स ग्रुप नामक एक फ्लाइट डेटा इंटेलिजेंस क्राउडसोर्सिंग वेबसाइट के अनुसार, हाल ही में हुई ज्यादातर जीपीएस स्पूफिंग ईरान के हवाई क्षेत्र में एयरवे रु 688 में हुई। इसके जवाब में, पिछले बुधवार को, अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने एयरलाइंस को एक मेमो जारी किया व चेतावनी दी कि इराक और अजरबैजान में विभिन्न नागरिक हवाई ऑपरेटरों की ओर से रिपोर्ट की गई संभावित स्पूफिंग गतिविधियां बगदाद और बाकू उड़ान सूचना क्षेत्रों में नागरिक उड्डयन संचालन के लिए उड़ान जोखिम पैदा करती हैं। वहीं एक इंडिन कैरियर के एक वरिष्ठ कमांडर ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, हम एयरवे रू688 पर उड़ान नहीं भरते हैं, लेकिन हम ईरानी हवाई क्षेत्र के ऊपर से उड़ान भरते हैं। हमने स्पूफिंग का अनुभव नहीं किया है, लेकिन पिछले हफ्ते एक उड़ान पर, हमने जीपीएस जैमिंग का अनुभव किया है।



### जीपीएस जैमिंग भी, पर निपट लेते हैं पायलट

जीपीएस जैमिंग स्पूफिंग से अलग है।दरअसल जब कोई अपराधी सिग्नल को पूरी तरह से जाम कर देता है तब इसे जैमिंग कहा जाता है। दूसरी ओर जीपीएस स्पूफिंग हैकर्स के लिए दो धारी तलवार की तरह काम करता है। हैकर्स ऑपरेटरों के बिना नेविगेशन सिस्टम से छेड़छाड़ कर स्पूफिंग का उपयोग कर सकते हैं। इसके बाद विमानों को मिलते हैं गलत सिग्नल जो उन्हें वास्विक मार्ग से भटका सकते हैं। जीपीएस जैमिंग से निपटने का तरीका पायलट जानते हैं। जैमिंग का पता पायलटों को तुरंत लग जाता है। एक टिमटिमाती हुई रीडिंग तुरंत बता देती है कि जीपीएस सिग्नल जाम किए जा रहे हैं। साउथ पोल से रूस की ओर प्रवेश करने या कहें कि एस्टोनियाई सीमा के पास, सिम्फ़रोपोल के आसपास के क्षेत्रों (क्रीमिया में) यह आम है।

# पहले मंत्री से महापंचायत बुलवाने की मिन्नते की, जब सुनवाई नहीं हुई तो उन्हीं के बंगले से खोला मोर्चा

## सहकारी साख और विपणन समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल का मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश भर के सहकारी साख और विपणन सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने सहकारिता मंत्री के के बंगले से सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश में इनकी संख्या 55 हजार से अधिक है। ये नियमित कर्मचारियों की तरह वेतन और सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। सरकार ने अब तक इनकी सुनवाई नहीं की है। बीते वर्ष भी इन्होंने बड़ा आंदोलन किया था तब भी सरकार ने अनसुना ही किया था। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू की है; इसके लिए इन्होंने संयुक्त सहकारी समिति (पैक्स) का गठन किया है। इनकी हड़ताल को सोमवार चौथा दिन है। इन्होंने शुक्रवार से बेमियादी हड़ताल शुरू की है। शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मिश्रा सहित प्रदेशाध्यक्ष सजेंद्र सिंह खिंची, बीएस चौहान और जिलाध्यक्ष राजगढ़ विश्राम सिंह मीणा, चर्तुभुज कुशवाह समेत लगभग 200 कर्मचारियों ने मंत्री अरविंद भदौरियों के बंगले पर मुंडन किया और नारेबाजी की। प्रदेश में करीब चार हजार सहकारी संस्थाएं और 22 हजार से अधिक उचित मूल्य दुकानें हैं।



### यह हो रही परेशानी

इन कर्मचारियों द्वारा काम बंद किए जाने के कारण किसानों से जुड़े काम नहीं हो रहे हैं। किसान समितियों में पहुंच रहे हैं। गेहूं सीजन के लिए खाद के अग्रिम उठाव की प्रक्रिया का समय है। उचित मूल्य दुकानों के हाल बुरे हैं। इन्हें बंद करके रखा है। राशन वितरण का काम बाधित है।

## स्वच्छता पखवाड़े के बीच...!

# शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढ़ेर





**भोपाल।** शहर में स्वच्छता पखवाड़े के तहत सफाई अभियान जोरों से चल रहा है मगर शहर के अदरुनी इलाकों की हालत खराब हैं और गंदगी के ढेर है। नगर निगम के वाहनों पर लगे स्पीकर से जो स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा था वह भी बेअसर है। यह नजारा बाग सेवनिया मार्केट के पीछे का है जहां जगह-जगह कचरा गंदगी पड़ी है, नहर में भी गंदगी की भरमार है।



## राजधानी में वृद्धों ने दर्ज कराया विरोध

# 'वृद्धों के साथ अन्याय कर रही राज्य और केंद्र की सरकार'

## पेंशन की राशि में नहीं की बढ़ोतरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**महंगाई बढ़ी लेकिन उस अनुपात में पेंशन की राशि नहीं बढ़ाई गई। यह आरोप गैस पीड़ित व निराश्रित पेंशन भोगी संघ के नेतृत्व में राजधानी के वृद्धों ने लगाए हैं। इन्होंने विश्व वृद्धजन दिवस के तहत यह विरोध दर्ज कराया है। इनका कहना है कि पेंशन की राशि बहुत कम है। राज्य व केंद्र की सरकार बुजुर्गों के साथ अन्याय कर रही है।**



साभार

### ये आरोप भी लगाए

-**शिवराज** सिंह चौहान सरकार पर निराश्रित पेंशन भोगी गरीब असहाय बुजुर्गों विधवा महिलाओं व दिव्यांगों के हितों की अनदेखी व उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में पिछले 18 वर्षों से भाजपा सरकार है किंतु सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में कोई वृद्धि नहीं की। कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने यह राशि 300 से बढ़ाकर 600 की रुपये की थी।

-**केंद्र में** भी 9 वर्ष से भाजपा की सरकार है। इस सरकार ने भी पेंशन राशि के अंशदान में कोई वृद्धि नहीं की है। राज्य सरकार द्वारा लाडली बहन योजना महिलाओं के लिए शुरू की गई है किंतु इस योजना में 60 वर्ष से अधिक उम्र की वृद्ध महिलाओं को, पुरुषों व दिव्यांगों को शामिल नहीं किया गया है जो की अन्याय है। पिछले दो माह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान बैंकों से नही किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा पेंशन भोगियों के बैंक खातों में राशि जमा नहीं की गई है। राज्य सरकार द्वारा घोषणा कि गई थी कि सभी पेंशन भोगियों को 1000 प्रतिमाह पेंशन का भुगतान किया जाएगा।

### वृद्धों ने यह रखी मांग

सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 600 से बढ़ाकर 1000 रुपये, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन व इंदिरा गांधी विकलांग पेंशन की राशि 300 से बढ़ाकर 1000 रुपये, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं की राशि 2000 रुपये प्रतिमाह कराने की मांग रखी है। वृद्धों की ओर से संघ के बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि महंगाई के अनुपात में प्रतिवर्ष पेंशन राशि में वृद्धि की जाए। गरीब वृद्धजनों को, विधवाओं व विकलांगों को पेंशन का संवैधानिक अधिकार के साथ-साथ मुफ्त राशन व मुफ्त चिकित्सा सेवा जैसे सामाजिक सुरक्षा दी जाए।


# 'मशरूम कल्टीवेशन' पर सर्टिफिकेट कोर्स



**हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने ब्लॉसम फार्मा बायोटेक इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर व ई-सेल और आईआईसी के सहयोग से 'मशरूम कल्टीवेशन' पर सर्टिफिकेट कोर्स सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। मशरूम पैदावार एक अतिरिक्त उद्यम में रुचि रखने वाले कॉलेज के छात्रों के लिए एक अवसर का प्रतिनिधित्व करता है और बिना ज्यादा जमीन वाले छात्रों के लिए एक विशेष विकल्प है। तस्नीम अहमद, एम.टेक आईआईटी, खड़गपुर निदेशक, ब्लॉसम फार्मा बायोटेक इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल ने छात्राओं को प्रशिक्षित करने का काम किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 छात्राओं ने भाग लिया।

## जेएसएस के सचिव दयारामानी द्वारा दानदाताओं और डॉक्टरों का जताया आभार

# यूरोलॉजी शिविर का समापन 84 मरीजों के ऑपरेशन



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में लगे 98 वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर का रविवार को समापन हो गया, जिसमें 505 मरीजों की जांच और उपचार किया गया। चिन्हित 84 रोगियों के ऑपरेशन किए गए। चार अक्टूबर तक सभी रोगी डिस्चार्ज हो जाएंगे।

शिविर लगाने में विदेशी दानदाताओं रीटा और कान एच.लखानी तथा लाल हरदासानी हांगकांग, ओमी फुलवानी लागोस, डॉ. राम बक्शानी दुबई, घनश्याम भागवानी लास पाल्मास, और घनश्याम थारानी भोपाल ने आर्थिक सहयोग दिया। इनके अलावा राजकोट के डॉ. जीतेन्द अमलानी, अमीष मेहता, डॉ. धृति कल्सारिया, डॉ. प्रवीण बलदानिया दिल्ली से डॉ. नीरज शर्मा ने पेशाब की रूकावट के मरीजों के ऑपरेशन किये। भोपाल के डॉ. सी.पी. देवानी, सुधीर लोकवानी, इन्दौर के डॉ. राजेन्द्र पंजाबी, डॉ. टी के ज्ञानचंदानी ने भी रोगियों के स्वास्थ्य एंव फिटनेस की जांच एंव उपचार किया। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने विदेशी दानदाताओं और डाक्टर्स, पैरामेडीकल कर्मचारियों और सेवादारों की सेवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। दयारामानी ने कहा की दानदाताओं की आर्थिक सहायता और डॉक्टर्स एंव सेवादारों के सेवा - सहयोग के बगैर यूरोलॉजी कैम्प लगाना संभव नहीं है। सेवासदन नेत्र चिकित्सालय के मैनिजिंग ट्रस्टी एलसी जनियानी बीते पांच दिन से रात-दिन रोगियों की देखभाल और डॉक्टर्स तथा पैरामेडिकल कर्मचारियों के साथ समन्वय करते रहे। संत हिरदारामजी के शिष्य भी बारी-बारी से अस्पताल में अपनी सेवाएं और मरीजों की देखभाल के काम में लगे हुए थे।

## प्रतिनिधिमंडल प्रबंध संचालक से मिला



**भोपाल।** इन्दौर, उज्जैन तथा भोपाल दुग्ध संघ से सेवानिवृत सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रबंध संचालक से मिला। उपस्थित सदस्यों की ओर से एस.डी. जोशी जी ने प्रथमतः समयमान वेतनमान प्रकरण, पांचवा छटवां वेतनमान एरीयर तथा ग्रेचुटी विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्रत्येक विषय से संबंधित पत्राचार एवम आदेशों की प्रतियों की अलग अलग नस्तियां प्रबंध संचालक को दी। जिसमें एससी दुबे, नायर, मिश्रा एवं अनिल मंडलोई ने भी भाग लिया।

## नई 'पेंशनर्स ब्रिगेड' के संरक्षक बने जोशी

**भोपाल।** पूर्व पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन निरस्त होने के बाद वरिष्ठ पेंशनर्स द्वारा बनाए गए नये संगठन पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का संरक्षक गणेश दत्त जोशी को बनाया गया है। प्रांताध्यक्ष अमोद सक्सेना, उपाध्यक्ष शंभू नाथ मुखर्जी, सचिव राम गोपाल माथुर, कोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर, संयुक्त सचिव माधुरी दीक्षित सहित शैलेंद्र श्रीवास्तव अब्दुल सलीम खान को प्रबंधकारिणी में शामिल किया गया है। सक्सेना ने बताया कि पारदर्शिता के साथ संगठन का संचालन अनुमोदित विधान अनुसार प्रदेश के पेंशन हित को सर्वोपरि मानकर किया जाएगा एवं पेंशनर्स की लंबित मांगों को शासन के समक्ष प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत कर निराकरण कराने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**मेट्रो एंकर**

## नागरिक प्रगति का एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करूंगा जिससे हर कोई लाभान्वित होगा:शर्मा

# पांच महीने में बन गया पंचवटी मार्ग, हुआ लोकार्पण

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को पंचवटी कॉलोनी की बहुप्रतीक्षित सड़क का लोकार्पण विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। नागरिकों ने विधायक का अभिनंदन भी किया। लगभग 3 करोड़ की राशि से निर्मित यह सड़क 'पंचवटी कॉलोनी से आदित्य एवेन्यू तक' बनाई गई है।

लोकार्पण कार्यक्रम में शर्मा ने कहा, मैंने विधायक रहते हुए सदैव यही प्रयास किया है कि हुजूर के हर नागरिक की सुविधा के लिये कार्य कर सकूं। इसी संकल्प के साथ मैं हुजूर वासियों की सेवा में तत्पर हूँ। मैं इस क्षेत्र का विधायक बाद में हूँ, पहले तो आपका बेटा और भाई हूँ। इस संबंध को निभाने में अपनी जान लगा दूँगा। क्षेत्र के विकास और तरक्की में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगा और नागरिक प्रगति का एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करूंगा जिससे हर कोई लाभान्वित होगा।

सड़क निर्माण के साथ-साथ पंचवटी के पूरे मार्ग पर खम्बों सहित नयी स्ट्रीट लाइटें लगायी गई है। जिससे पंचवटी दूधिया रोशनी से रोशन होगा। सड़क के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा ने इन स्ट्रीट लाइट्स कार्य का भी लोकार्पण किया।



**ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह को समर्पित:** पंचवटी का यह मार्ग अब शौर्य और वीरता की कहानी भी कहेगा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने इस मार्ग का नाम वीरता पदक एवं शौर्य चक्र से सम्मानित ग्रुप कैप्टेन वरुण सिंह के नाम रखे जाने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि भारत के प्रथम सीडीएस बिपिन रावत के साथ हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद ग्रुप कैप्टेन वरुण सिंह भोपाल के ही निवासी थे। जिनके साहस के किस्सों से पीढ़ियों को अवगत कराने के लिए विधायक शर्मा ने यह निर्णय लिया है। ग्रुप कैप्टेन वरुण सिंह के पिता के पी सिंह एवं उनकी मां की मौजूदगी में द्वार का लोकार्पण किया गया।

# सिंधी सांस्कृतिक गरबे में झूमेगा भोपाल का सिंधी समाज

**हिरदाराम नगर।** सिंधी मेला समिति सिंधी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का चार दिवसीय आयोजन कर रही है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मेला समिति की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें समिति अध्यक्ष मनीष दरयानी आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। रविवार की सुंदरवन गार्डन में सिंधी मेला समिति द्वारा गरबे की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के सदस्यों को जम्मिेदारियां सौंपी गईं। दरयानी ने बताया कि सिंधी मेला समिति का यह आयोजन 17वें वर्ष में प्रवेश कर रही है, जो 18,19,20 और 21 अक्टूबर लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में होगा। सायं 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक गरबा साधना होगी। गरबे में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को 25 दिन का प्रशिक्षण 22 सितंबर से भोपाल के 9 अलग-अलग सेंटरो पर प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा दिया जा रहा है।

# पत्नी के मायके जाने से दुखी पति ने लगाई फांसी

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित अल्फा फार्म के पास लाउखेड़ी में रविवार सुबह फांसी के फंदे पर करीब दस दिन पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसकी दो दिन पहले ही पत्नी ने गांधी नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। प्रारंभिक जांच में यह बात



सामने आई कि है कि उसने पत्नी को मायके जाने से मना किया था। बावजूद इसके पत्नी मायके चली गई थी। अनुमान है कि इसी से दुखी होकर उसने फांसी लगाई है।

पुलिस के अनुसार विनोद चौहान पिता केदार चौहान (25) मूलतः ग्वालियर का था और मजदूरी करता था। लाउखेड़ी, गांधी नगर में वह पत्नी के साथ किराए से रहता था। तीज पर्व में उसकी पत्नी ने उसे मायके जाने का कहा था। विनोद ने उसे मना कर दिया। इसके बाद काम पर जाने के लिए निकल गया। काम से लौटने के बाद वह घर पहुंचा तो पत्नी उसे नजर नहीं आई। पड़ोसियों ने बताया कि वह अपने मायके कोलार चली गई है।

### अल्फा फार्म के पास बना रखी थी टीनशेड की झुग्गी

मायके से पत्नी घर पहुंची तो ताला लगा हुआ था तो वह लौट गई। इसके बाद दौबारा आई तो भी विनोद नहीं मिला। घटना की जानकारी मां को लगी और वह ग्वालियर से भोपाल पहुंची थी। उसने बहू से बातचीत की और गांधी नगर थाने में बहू की तरफ से गुमशुदगी दर्ज करा दी। बहू और विनोद की मां विनोद की तलाश कर रहे थे। इस दौरान बहू ने बताया कि विनोद ने अल्फा फार्म हाउस के पास एक टीनशेड बनाकर रखा है। दोनों उसे देखने अल्फा फार्म हाउस के पास झुग्गी में पहुंचे ता वहां फांसी के फंदे पर विनोद का शव लटका मिला। शव पुराना होने के कारण बुरी तरह से सड़ चुका था। उसके हाथ में मौजूद कड़े से उसकी पहचान कर ली गई है।

शादी के 12 साल बाद भी संतान नहीं होने से थी दुखी, पति से होती थी कहासुनी

# पति से विवाद के बाद चौथी मंजिल से कूदकर महिला ने दी जान

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित निकुंज हाइट कॉलोनी में रविवार देर रात एक महिला ने चौथी मंजिल की बालकनी से कूदकर जान दे दी। कूदने से पहले उसकी पति से कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद उसने फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और बालकनी से छलांग लगा दी। महिला के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि शादी के बारह साल बाद भी उनके घर कोई संतान नहीं थी। इसी बात को लेकर पति से आए दिन विवाद होता रहता था। पुलिस ने मर्ग?कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

एएसआई शिव बाबू त्रिपाठी ने बताया कि आरती पाटिल पति देवेंद्र पाटिल (34) फ्लैट नंबर 401, ए ब्लॉक निकुंज विहार, कटारा हिल्स में रहती थी। उनाक चौथी मंजिल पर फ्लैट था। मूलतः महाराष्ट्र निवासी आरती पाटिल की शादी बैतूल निवासी देवेंद्र पाटिल से बारह साल पहले हुई?थी। देवेंद्र ग्वालियर की एक शराब कंपनी में नौकरी करता है और उसकी नौकरी भोपाल में ही है।



फाइल फोटो

### सिलेंडर हो गया था खत्म

देवेंद्र के चचेरे भाई ने बागसेवनिया में रविवार को पार्टी का आयोजन किया था। पार्टी में आरती और देवेंद्र दोनों गए थे। वहां से रात करीब साढ़े 11 बजे लौट आए। घर आने के बाद देवेंद्र बाहर रुक गया और किसी से बातचीत करने लगा। करीब बाहर बजे वह घर पहुंचा। उसने पत्नी आरती से कहा कि खाना बना लो। आरती का कहना था कि पार्टी में खाने का आयोजन?था फिर खाना खाकर क्यों नहीं आए। देवेंद्र ने दौबारा खाना बनाने की बात कही, लेकिन घर में सिलेंडर भी खत्म हो गया था। यह बात आरती ने देवेंद्र को कही तो वह भड़क गया और विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरती ने खुद को फ्लैट में बंधक बना लिया। द देवेंद्र दरवाजा खुलाने के लिए आवाज देता रहा और आरती ने बालकनी से बाहर छलांग लगा दी।

### चीख पुकार सुनकर पहुंचे लोग

चौथी मंजिल से नीचे कूदने के बाद आरती ने चीख पुकार और मदद के लिए लगाई गुहार सुनकर कुछ लोग वहां पहुंचे थे। दरअसल, जिस जगह आरती गिरी थी, वहां से कुछ दूरी पर देवी जागरण का कार्यक्रम चल रहा था। इधर पति भी नीचे पहुंचे गया था। आरती को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। करीब पचास फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे सिर में और शरीर में गंभीर चोट आईथी।

# ई रिक्शा में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक समेत सवारी घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित काजी कैंप में पीएनटी कॉलोनी के पास बीती रात करीब 1 बजे के आसपास तेज रफ्तार आइशर ट्रक ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से ई रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई रिक्शा चालक और उसमें बैठे दंपती को गंभीर चोट आई हैं। दंपती को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। पुलिस ने ई रिक्शा चालक की शिकायत पर ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ट्रक के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार आफाक पिता कम्मू खां (30) क्रांग्रेस नगर, थाना टीलाजमालपुरा में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताय कि वह किराए का ई-रिक्शा चलाता हैं। कल रात करीब एक बजे वह सवारी ई-रिक्सा से डीआईजी बंगला से सवारी बिठाकर काजी कैंप होते हुए बैंड मास्टर चौराहा जा रहा?था। उसे वहां बैंड मास्टर चौराहा पर सवारी छोड़ना था। इससे पहले ही काजी कैंप के पास पीएनटी कालोनी के सामने बाम्बे चिकन शाप के पास पीछे से आ रहे आइशर ट्रक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाकर ई-रिक्शा मे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा सवारी सहित रोड के किनारे पलट गया। रिक्शा पलटने से आफाक को चेहरे में दाहिने ओर तथा ई-रिक्शा मै बैठी सवारी शाकीर को दाहिने हाथ मे एवं उनकी पत्नी शबिया को बांए पैर व घुटनो मे चोंट आई है तभी आस पास के लोगो ने हमे उठाया और ई-रिक्शा मे बैठे शाकीर एवं शबिया को आटो से अस्पताल लेकर चले गए।

### खून से लिखा ज्ञापन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में अनियमित विनियमित स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने आज गांधी जयंती पर गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास पर बैठकर व अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर अपने खून से लिखा ज्ञापन लिखा।

## चौदह साल की नाबालिग से पिता ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र में पिता द्वारा चौदह साल की बेटी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी एक सप्ताह में दो बार उसके साथ अश्लील हरकत कर चुका है। रविवार सुबह आरोपी पिता ने उसके साथ हरकत की तो उसने मां को घटना की जानकारी दी थी। मां उसे थाने लेकर पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के अनुसार 14 साल की नाबालिग इलाके में रहती है। उसकी मां घरों में काम करने जाती है। पीड़िता ने बताया कि करीब आठ दिन पहले उसकी मां चाय बनाने के बाद काम पर चली गई थी। सुबह करीब आठ बजे नाबालिग की नींद खुली तो उसके पिता ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। उसने मां को घटना की जानकारी दी। मां ने कहा कि यदि अब दौबारा हकरत करें तो थाने पहुंचकर शिकायत कर देना। रविवार सुबह नाबालिग की मां काम पर गई थी। सुबह वह सोकर उठी तो पिता ने मुझसे चाय लाने का कहा था। पह चाय लेकर पहुंची तो पिता ने उसका हाथ पकड़ लिया और कहने लगा कि तू बहुत मुंह चलाती है रुक मैं तुझे आज बताता हं। तू आज घर से कही मत जाना, आज दोपहर में मैं तेरा रेप करुंगा। सुबह करीब दस बजे मां पहुंची तो पीड़िता ने घटना की जानकारी दी थी। मां उसे थाने लेकर पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।





# कहना, सुनना ओर समझना भी कला

**भोपाल ।** मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा व्यख्यानमाला श्रृंखला के अन्तर्गत विद्या भवन सभागार में डॉक्टर स्वाति तिवारी ने 'क्या आप सुन रहे है' विषय पर व्याख्यान दिया उन्होंने कहा कि किसी भी बात को कहने और सुनने के पश्चात समझने पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए तुरंत प्रतिक्रिया से वस्तुस्तिथि का आंकलन नहीं हो पाता। यह कोई जरूरी नहीं की सभी का व्यक्तिगत विचार सही हो। सदस्यों ने विषय पर प्रश्न भी किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमए के उपाध्यक्ष एन के छिब्बर ने की । राजेश तिवारी ने विषय प्रवर्तन किया।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल की जेल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर 5 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला उन्?नीसवें अपर सत्र न्?यायाधीश रश्मि मिश्रा की अदालत ने सुनाया है।



लोक अभियोजक के अनुसार, 2 दिसंबर 2015 को पीड़िता की मां द्वारा आरक्षी केन्द्र घुघरी जिला मण्डला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 नवंबर 2015 को सुबह करीब 06:00 बजे वह काम पर चली गई थी, जब सुबह 10:00 बजे लौटी तो बेटी गायब थी। रात तक जब बेटी नहीं मिली तो पति को पूरी जानकारी दी और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जब पीड़िता को खोज निकाला और बयान कराए तो पीड़िता ने बताया कि आरोपी पीड़िता को शादी का झांसा देकर लगातार कई दिनों तक गलत काम करता रहा।

### पति की मौत से दुखी पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव दिल्लौद में रविवार सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात समने आई कि एक महीने पहले ही पति की हार्ट अटैक से मौत हुई थी। पति की मौत के बाद से वह दुखी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हेड कांस्टेबल मंगल सिंह ने बताया कि प्रीति भार्गव पति स्वर्गीय देवेंद्र भार्गव (45) गांव दिल्लौद में रहती थी। उसके पति देवेंद्र की एक महीने पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद से ही वह दुखी रहने लगी थी। रविवार सुबह करीब छह से आठ बजे के बीच प्रीति ने घर में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्रीति को मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

# पीएचई के पंप ऑपरेटर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित बेहटा गांव में पीएचई के पंप ऑपरेटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसका छह महीने पहले ही तलाक हुआ था। तलाक के बाद से वह गुमशुम रहने लगा था।

पुलिस के अनुसार विनोद मेवाड़ा पिता स्वर्गीय गंगाराम मेवाड़ा (34) राम मंदिर के पास बेहटा गांव में रहता था और पीएचई विभाग में पंप आपरेटर था। विनोद के परिवार में मां के अलावा भाई-भाभी और भतीजे रहते थे। पिता की काफी पहले मौत हो चुकी है। परिजन ने बताया कि विनोद की शादी हुई थी और पत्नी दो दिन दिन रहने के बाद अपने मायके चली गई थी। वह आने के लिए तैयार नहीं थी। कोर्ट केस चल रहा था और करीब छह महीने पहले ही विनोद का तलाक हो गया था। तलाक होने के बाद से विनोद दुखी था और गुमशुम रहने लगा था। शनिवार रात उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। सुबह परिजन की नींद खुली तो उन्होंने विनोद को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। परिजन ने उसे फंदे से उतार लिया था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी थी।

### बीमा एजेंट ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

इधर कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित विजय श्री अपार्टमेंट लालघाटी में एक बीमा एजेंट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि अनंत वर्मा पिता छोटेराम वर्मा (36) विजयश्री अपार्टमेंट में रहता था और बीमा एजेंट था। शनिवार रात उसने अपने घर में फांसी लगा ली। सुबह परिजन ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि शोकाकुल परिजन के अभी बयान नहीं हो सके हैं।

**मेट्रो एंकर** | देत रात भदभदा में कूदा युवक, बाद में बोला गलती से गिरा

# गोतखोर नहीं थे, स्थानीय युवक ने कूदकर बाहर सकुशल निकाला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित भदभदा पर रविवार रात एक युवक ने तालाब छलांग लगा दी। घटना रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास की है। उस समय पुल के आसपास गोताखोर नहीं थे। लिहाजा पुलिस के अनाउंसमेंट होने के बाद स्थानीय युवक ने तालाब में कूदकर युवक को बाहर निकाल लिया। युवक को इलाज कराने के बाद समझाइश देकर छोड़ दिया गया है। युवक ने अपने बयान में बताया कि वह गलती से गिर गया था। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही शनिवार रात यहां भद्भदा पुल से दो युवकों ने छलांग लगा दी?थी। इस घटना में दोनों की मौत हो चुकी थी।



पुलिस के अनुसार भद्भदा चौकी पर सोमवार रात स्टाफ बैठा हुआ?था। इस दौरान रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास सूचना मिली कि किसी युवक ने मंदिर के पास से तालाब में छलांग लगा दी है। पुलिस ने युवक के तालाब में कूदने का अनाउंसमेंट किया। दो दिन से लगातार ड्यूटी करने वाले गोताखोर सोमवार रात को नहीं थी। लिहाजा अनाउंसमेंट सुनकर सूरज नगर में रहने वाले अनवर खान ने तालाब में छलांग लगाई और युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था। वहां इलाज के बाद उसकी स्थिति में सुधार हो गया। पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपना नाम वल्लभ नगर, भीम नगर, अरेरा हिल्स निवासी सुनील जामखाड़े बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह बाइक से भद्भदा पहुंचा था और मंदिर के पास टहलते समय उसका पैर फिसल गया और पानी में गिर गया।


## ज्योतिष परामर्श

ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं. 7869267010
कॉलिंग नंबर 7415497010



shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

### सुविचार

``शतरंज का एक नियम बहुत ही उमदा है, चाल कोई भी चलो पर अपनों को नहीं मार सकते।''


-अज्ञात

## संपादकीय

# समाज का संवेदनहीन चेहरा

समाज में जीने के लिये समाज के प्रति संवेदनशीलता की सबसे बड़ी जरूरत होती है। जैसे हम दूसरों के प्रति होंगे,दूसरा भी वैसा ही व्यवहार हमारे साथ करेगा। मगर यह त्रासद सच्चाई है कि समाज में दूसरों के लिये संवेदना रोज थोडी-थोड़ी मर रही है। हाल में उज्जैन में एक बालिका से हुई दरिंदगी की घटना हम सभी को शर्मसार करने वाली है। जहां बालिका मदद के लिये दरवाजों को खटखटाती रही । यह हमारे शहरों और महानगरों के जीवन का चित्र है। यह कुछ ऐसा होता जा रहा है, जिसमें दूसरों के लिए सोचने, उनकी परवाह करने की प्रवृत्ति और गुंजाइश लगातार कम होती दिख रही है। इस स्थिति को बदलने की पहल समाज की ही ओर से हो सकती है इस समाज में हर व्यक्ति को इसकी इकाई के रूप में खुद को बदलने की कोशिश में जुटना ही होगा। देर करना उचित नहीं होगा। उज्जैन कांड ने पूरे देश को स्तब्ध कर रखा है। इस रेप केस में हालांकि आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन यह मामला लंबे समय तक हमारे समाज के अंतःकरण को धिक्कारता रहेगा। यह सही है कि घटना का विडियो वायरल होने के बाद उज्जैन पुलिस ही नहीं, राज्य सरकार ने भी तेजी दिखाई। चूंकि पीड़ित नाबालिग बच्ची कुछ बताने की स्थिति में नहीं थी, इसलिए पुलिस का काम थोड़ा मुश्किल लग रहा था, लेकिन अलग-अलग इलाकों के सीसीटीवी फुटेज और उसकी टाइमिंग के आधार पर पुलिस ने न केवल बच्ची को लिफ्ट देने वाले ऑटोचालक को ढूंढा बल्कि आरोपी तक भी पहुंच गई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और पुलिस को वारदात की जगह पर भी ले गया, जहां बच्ची के कपड़े बरामद हुए। इससे माना जा सकता है कि यह केस प्राथमिक तौर पर सुलझ गया है। वैसे संबंधित आरोपियों से तफसील से पूछताछ और जांच-पड़ताल के जरिए बाकी सबूत जुटाने का काम जारी है। इसलिए अगर साजिश का कोई और भी पहलू हुआ तो उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस उसकी तहों तक पहुंच जाएगी। मगर इस पूरे मामले का सबसे दुखद और शर्मनाक पक्ष तो फिर भी हमारे शहरी समाज की बढ़ती संवेदनहीनता ही है। जब कई दरवाजों से यह घायल बच्ची निराश हताश लौटती रही और बेहोश होकर गिर गई तब इस अनजान बच्ची को आश्रम के एक पुजारी ने अपना पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम स्थगित करते हुए मदद की और उसे अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कर उसका इलाज सुनिश्चित करवाया, लेकिन इस तथ्य का क्या किया जाए कि बेहोश होने से पहले खून से लथपथ वह बच्ची अर्धनग्न अवस्था में मदद की गुहार लगाती घर-घर घूमती और जगह-जगह से दुत्कारी जाती रही। मगर इसमें सिर्फ उज्जैन को ही नहीं बल्कि इसे हमारे शहरी समाज का यह एक चिर-परिचित सा चेहरा ही मानना होगा। आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिसमें दिन-दहाड़े और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं, बुजुर्गों के साथ अपराध होता है या दुर्घटना होती है और कोई भी मदद के लिए सामने नहीं आता। इसके पीछे यह तर्क दिया जाता है कि लोग अगर आगे नहीं आते तो इसका वजह कहीं समाजविरोधी तत्वों के हमले का शिकार होने का डर होता या कानून पचड़े। मगर उज्जैन की घटना ने साबित किया कि यह सफाई पूरी तरह तो सच नहीं है। जिस व्यक्ति ने बालिका को अस्पताल पहुंचाया, वह भी समाज का ही हिस्सा था। हालांकि सरकारों ने कई बार इस तरह के मामलों में कानून में जरूरी सुधार और अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए संरक्षण की व्यवस्था भी की है लेकिन समाज की प्रतिक्रिया नहीं बदली।

# गांधी के उत्तराधिकारी-नाम से नहीं कर्म से तय होंगे



**विष्णुदत्त शर्मा**

अखिल विश्व में स्वयं के अहिंसावादी मूल्यों के लिए विख्यात महात्मा गांधी आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने वह अपने जीवनकाल में थे। दो अक्टूबर को बापू की 154वीं जयंती के अवसर पर भारत ही नहीं अपितु विश्व के अनेक देश मानवता और मानवीय मूल्यों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले इस युग-पुरुष को याद करते हुए अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। बापू का पूरा जीवन शोषित, पीड़ित एवं वंचितों के लिए समर्पित रहा। वो अहिंसा के ऐसे विश्वदूत बने, जिनका व्यक्तित्व भारत ही नहीं अपितु विश्व के लिए एक नई मिसाल बन गया। यही कारण है कि आज संपूर्ण विश्व में बापू के प्रति अगाध श्रद्धा एवं आस्था रखता है। उनका स्वच्छता एवं स्वदेशी के प्रति प्रेम अनुकरणीय है।

दुर्भाग्य से देश की आजादी के बाद सबसे लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी ने बापू के नाम और उनके विचारों का राजनीतिक लाभ के लिए भरपूर उपयोग तो किया, लेकिन न तो उन्हें श्रद्धा और सम्मान दिया, न ही उनके विचारों को आत्मसात कर, उनके पदचिन्हों पर चलने और देश को चलाने का प्रयास किया। उनके लिए बापू की सीखें और दर्शन मौके-बेमौके, विभिन्न समारोहों में प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गए। उन्हें न ही स्वदेशी से कोई सरोकार था न ही बापू के सबसे बड़े सपने, देश में स्वच्छता से। उन्हें मतलब था तो केवल गाँधी जी के नाम पर थोक के भाव राजनीतिक वोट बैंक हथियाने से। इसी कारण देश के लाखों लोग साल दर साल प्रदूषण, स्वच्छता के अभाव में होने वाली बीमारियों और दूषित पानी के कारण काल के ग्रास में चले जाते थे या अनेक गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते थे।

बापू के विचारों, उनकी सीखों, उनके दर्शन को अपनाकर उन्हें अपने और राष्ट्रीय आचरण में उतारने का ईमानदार प्रयास 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने शुरू किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए स्वच्छता से लेकर स्वदेशी तक और गरीबों के लिए कल्याणकारी रामराज्य से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक कोई आदर्श वाक्य नहीं है, बल्कि व्यवहारिक प्रयोग हैं। सच्चे अर्थों में प्रधानमंत्री श्री मोदी महात्मा गांधी के विचारों और मूल्यों को, उनके सपनों को जमीन पर उतारने का काम कर रहे हैं।

देश के वर्तमान प्रधानमंत्री एवं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता श्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की बापू के प्रति अगाध श्रद्धा सर्वविदित है। मोदी जी दिखावा पसंद राजनेता कभी नहीं रहे। उन्होंने किसी महापुरुष की कीर्ति को अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए भुनाने हेतु कभी अनैतिक प्रयास भी नहीं किए। किन्तु पूरी निष्ठा और ईमानदारीपूर्वक देश के महापुरुषों के द्वारा देखे गए स्वप्नों को पूरा करने के लिए भारत माँ का यह सच्चा सपूत दिन-रात बिना थके-बिना रुके ÷रामकाज किन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम÷ के भाव के साथ लगे हुए हैं। उनके लिए राष्ट्रसेवा ही रामकाज है।

वैसे कुछ लोग इस बात से असहमत भले हों किन्तु फिर भी मुझे कहने में तनिक भी संकोच नहीं कि श्रद्धेय बापू और देश के वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी में अनेक विशिष्ट समानताएँ हैं। दोनों अद्भुत परिश्रमी और प्रचण्ड पुरुषार्थी हैं। दोनों स्वच्छता एवं स्वदेशी के दुर्लभ पैरोकार हैं। दोनों की लोकप्रियता भी सर्वविदित है। दोनों के मन मस्तिष्क में राष्ट्र प्रथम के साथ ही मानवता की सेवा और विश्व बंधुत्व का भाव भी समान रुप से दृष्टिगत होता है। गुजरात की पवित्र माटी में जन्मे इन दोनों सपूतों ने भारत माता का मस्तक अपने कृतित्व के माध्यम से सदैव ऊंचा रखा है।

÷स्वच्छता, स्वतंत्रता से ज्यादा जरुरी है।÷ महात्मा गांधी द्वारा कहे गए इस वाक्य को आत्मसात करते हुए 2 अक्टूबर 2014 को बापू की जयंती के अवसर पर श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने स्वच्छता को मिशन बनाकर एक ऐसे जनान्दोलन के रुप में परिवर्तित कर दिया जो सम्पूर्ण विश्व के लिए कौतूहल का विषय हो गया। हर कोई इस अभियान की सफलता देखकर हतप्रभ रह गया। बड़े-बड़े सेलीब्रिटी, राजनेता एवं भारत के सभी लोग हाथ में झाड़ू लेकर अपने- अपने गली मोहल्ले की सफाई में लग गए। सार्वजनिक जगहों में बिना रोक-टोक के गंदगी फैलाने वाले लोग स्वयं से कचरा उठाकर डस्टबिन में डालने लगे। साथ ही खुलेआम शौच करने वाले



आमजन भी स्वयं के साथ दूसरों को भी शौचालय के महत्व समझाने लगे। कुल मिलाकर सभी एक नई गति और नए कलेवर के साथ बदलते भारत की नवीनतम तस्वीर बनाने में जुट गए।

महात्मा गांधी ने कहा था-÷यदि हम अपने घरों के पीछे सफाई नहीं रख सकते तो स्वराज की बात बेईमानी होगी। हर किसी को स्वयं अपना सफाईकर्मी होना चाहिए÷। प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर महात्मा गांधी द्वारा प्रेरित स्वच्छता अभियान के प्रति देश ने एक ऐसा क्रान्तिकारी परिवर्तन देखा, जिसमें जन-जन ने अपना अभूतपूर्व सहयोग देकर स्वच्छ भारत की छवि में चार चाँद लगा दिए। 2014 में यूएन द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी खुले में शौच करती थी। लेकिन इस स्वच्छता अभियान के पांच वर्ष बाद ही सन् 2019 में बापू के 150 वीं जयंती तक 100 मिलियन से अधिक शौचालयों का निर्माण करके ग्रामीण भारत ने स्वयं को ÷खुले में शौच÷ से मुक्त करके स्वयं के ऊपर लगे कलंक से मुक्ति प्राप्त कर ली।

÷जो परिवर्तन आप दूसरों में देखना चाहते हैं वह सबसे पहले अपने आप में लागू करें।÷। बापू की इस बात को स्वयमेव लेते हुए देश की जनता, भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता और तमाम समाजसेवी संगठनों ने मिलकर अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। कोई भी कार्य कुशल नेतृत्व एवं मजबूत संगठन के बिना अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता। दूरदर्शी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर ही मध्यप्रदेश स्वच्छता के मापदण्ड पर देशभर में शुरुआत से ही अव्वल रहा है। केन्द्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठन के साझा प्रयासों ने एक नया इतिहास दर्ज़ करवाते हुए मध्यप्रदेश को स्वच्छता में अग्रणी राज्य का तमगा दिलवाया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के सुखद परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं और यह अभियान देश में अब एक सामाजिक परिवर्तन का वाहक बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण भारत के खुले में शौच मुक्त होने के बाद से हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। महिलाओं को शर्मिंदगी नहीं झेलनी पड़ती है और ग्रामीण इलाकों में महिला अपराधों और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। इसी अभियान के अंतर्गत पहल करते हुए भारतीय रेलवे ने ट्रेन के कोचों में बॉयो डाइजेस्टर युक्त शौचालयों का प्रयोग शुरू किया, जिसके बाद से रेलवे ट्रैक, रेल्वे प्लेटफॉर्म और स्टेशन गंदगी से मुक्त हो गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव लोगों की आदत में आया है और वह यह है कि आज सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने से पहले दस बार सोचता है और अगर उसे मजबूरी में इधर-उधर कचरा फेंकना भी पड़े, तो ऐसा करते समय वह कहीं न कहीं अपराध बोध से ग्रसित महसूस करता है। देश के लोगों में स्वच्छता के प्रति यही जिम्मेदारी का भाव पैदा कर देना प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयासों की सबसे बड़ी सार्थकता है।

इन तमाम विसंगतियों के प्रति सूक्ष्म एवं दूरदर्शी सोच रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान, हर घर जल योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित अनेकों प्रभावकारी योजनाओं के माध्यम से एक निर्णायक परिदृश्य का निर्माण किया है। जहां हर कोई आत्मविश्वास के साथ कह सकता है कि मेरा देश बदल रहा है। और यह बदलाव एक ऐसे जननायक के माध्यम से आया है जो किसी भी स्थिति में देश को सर्वोपरि मानता है। वह राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर बिना किसी लाग-लपेट या संकोच के मजबूती से अडिग रहता है। वह शांति का हिमायती है लेकिन डरपोक नहीं, वह अन्तरराष्ट्रीय संबंधों का पक्षधर है किन्तु देशहित को प्रभावित किए बिना। वह सही को सही और गलत को गलत कहने का दम रखता है। तभी तो समूचा विश्व उसके सम्मोहन के मोहपाश में है।

आज जब देश महात्मा गांधी जी की 154 वीं जन्म-जयंती मना रहा है। भारत प्रगति के नित नए आयाम गढ़ रहा है। आज 140 करोड़ देशवासियों की सम्मिलित शक्ति का भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था और महाशक्ति बन चुका है। दुनिया की आँख से आँख मिलाने का यह दमखम देश ने स्वदेशी की शक्ति से अर्जित किया है। आज हमारी तकनीकी शक्ति और समृद्धि से चन्द्रयान के रूप में अंतरिक्ष क्षेत्र गुंजायमान हो रही है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में हम सभी का यह प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए कि राष्ट्रसेवक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का हमारा संकल्प कहीं मंदा न पड़े। स्वच्छता के रूप में समृद्ध भारत के वैभव का दर्शन सम्पूर्ण विश्व को प्राप्त हो इससे बेहतर और सच्ची श्रद्धांजलि गांधी जी को और क्या होगी? मेरी समझ से आज देश में यह अनिवार्य बहस भी होनी चाहिए कि महात्मा गांधी के वास्तविक राजनीतिक उत्तराधिकारी जबरन उनके नाम को अपनाने वाले होंगे या फिर उनके काम और विजन को आत्मसात करने वाले।

**साभार :** लेखक-भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं

## निशाना

### मिला जनसमर्थन तो !



\- कृष्णेन्द्र राय

आया मुंह में पानी ।
हों हम भी स्वीकार ।।
मिलता है यदि मौका ।
पहनेंगे हम हार ।।
आई बात जुबां पर ।
पूंछ दिल का हाल ।।
मिला जनसमर्थन तो ।
है करना कमाल ।।
रहे सब ललचाय ।
अवसर की तलाश ।।
भले कम हों सीटें ।
उड़ते पर आकाश ।।
है अंदर ये मंथन ।
किसको आगे आना ?
है थोड़ी सीमाएं ।
भले ही कुछ भी ठाना ।।


## आज का इतिहास

- 1263 स्कॉटिश-नॉर्वेजियन युद्ध-नॉर्वे और स्कॉटलैंड की सेनाओं ने लार्स की लड़ाई में लड़ाई लड़ी, जो उत्तरी आयरशायर के लार्ग्स के वर्तमान शहर के पास एक अनिर्णायक सगाई थी।
- 1470 इंग्लैंड के राजा एडवर्ड चतुर्थ के साथ, रिचर्ड नेविल, वारविक के 16 वें अर्ल द्वारा आयोजित एक विद्रोह के बाद नीदरलैंड भागने के लिए मजबूर हो गए, हेनरी ड्डद्ध को इंग्लैंड के सिंहासन पर बहाल कर दिया गया।
- 1492 ब्रिटेन के राजा हेनरी सप्तम ने फ्रांस पर आक्रमण किया।
- 1535 फ्रांसीसी खोजकर्ता जैक्स कार्टियर सेंट लॉरेंस नदी के साथ रवाना हुए और अब मॉन्ट्रियल के रूप में जाना जाने वाले द्वीप पर इरोक्विस किलेदार गांव होचेलगा पहुंचे।
- 1787 मैग्डेन हाउस एम्स्टर्डम, नीदरलैंड में खोला गया।
- 1802 स्वीडन और त्रिपोली के बीच युद्ध समाप्त हो गया।
- 1804 ब्रिटेन फ्रांसीसी आक्रमण के खिलाफ रक्षा करने के लिए एकजुट हुई।
- 1813 पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय की फिलोथेथीन सोसाइटी की स्थापना की गई (संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराना मौजूदा साहित्यिक समाज)।
- 1835 मैक्सिकन ड्रगों ने टेक्सास के गोंजालेस में बसने वालों को निहत्था करने के लिए भेज दिया, टेक्सास क्रांति के पहले सशस्त्र सगाई, बैटलोफ़ गोंजालेस में एक टेक्सियन मिलिशिया से कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।
- 1889 वाशिंगटन, डीसी में, अमेरिकी राज्यों का पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू किया गया।
- 1895 पहला कार्टून कॉमिक स्ट्रिप पहली बार अखबार में प्रकाशित किया गया।
- 1895 उत्तरी अमेरिका के एक समाचार पत्र में पहला कार्टून स्ट्रिप प्रकाशित हुआ।
- 1928 कैथोलिक चर्च के एक विश्वव्यापी संगठन ने स्पेनिश पुजारी जोसेमरिया एस्क्रीवा ने ओपस देई (लॉगॉपिक्रिस्ड) की स्थापना की, जो सिखाता है कि हर कोई संत हो सकता है।
- 1901 हॉलैंड 1, ब्रिटिश रॉयल नेवी की पहली पनडुब्बी थी, जो बैरो-इन-फ़र्नेस में लॉन्च की गई।

# हिंसक दौर में महात्मा के संदेशों से मिलेगी शक्ति, बनेगी शांति की राह

**भारत डोगरा**

> हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब दुनिया और देश, दोनों स्तरों पर अमन-शांति की बहुत जरूरत है। विभिन्न धर्मों की आपसी सद्भावना और उस पर आधारित एकता की भी देश को बहुत जरूरत है। ऐसे समय में महात्मा गांधी के विचारों के प्रसार के एक प्रमुख केंद्र पर बुलडोजर कार्रवाई निश्चय ही अनुचित है।




वाराणसी में 14 एकड़ क्षेत्र में गांधीवादी सोच का प्रमुख केंद्र 'सर्व सेवा संघ' का परिसर 63 वर्षों से स्थापित रहा। यहां गांधी जी की सोच से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य होते रहे। हाल ही में अचानक इस पर रेलवे का हक बताकर खाली करने का नोटिस दिया गया और बीते 12 अगस्त को 'महात्मा गांधी, विनोबा भावे और जेपी के विचारों की विरासत' कहे जाने वाले राजघाट स्थित 'सर्व सेवा संघ' के भवन पर बुलडोजर चला दिया गया। इससे जुड़े लोगों के निरंतर विरोध के बीच सुबह से शाम तक परिसर के 20 भवन ध्वस्त किए गए और विरोध कर रहे 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। इस कार्रवाई से महात्मा गांधी के विचारों के प्रसार से जुड़े लोग काफी आहत हैं।

हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब दुनिया और देश, दोनों स्तरों पर अमन-शांति की बहुत जरूरत है। विभिन्न धर्मों की आपसी सद्भावना और उस पर आधारित एकता की भी देश को बहुत जरूरत है। ऐसे समय में महात्मा गांधी के विचारों के प्रसार के एक प्रमुख केंद्र पर बुलडोजर कार्रवाई निश्चय ही अनुचित है। आखिर 60 वर्षों से तो यह केंद्र उसी स्थान पर स्थित था और इसमें देश-विदेश के अति प्रतिष्ठित, अमन-शांति के लिए समर्पित लोग आते रहे हैं और अध्ययन व विमर्श करते रहे हैं। तो फिर अचानक उसके विरुद्ध बुलडोजर कार्रवाई क्यों की गई? गांधीवादी कार्यकर्ताओं और केंद्रों से बहुत से लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं और अन्याय, भेदभाव या शोषण से त्रस्त लोग वहां से न्याय की उम्मीद रखते हैं। ऐसे में, गांधीवादी विचारों के इस प्रमुख केंद्र के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई निश्चय ही उनकी उम्मीदों को तोड़ने का कार्य करती है।

दूसरी ओर, इसमें कोई संदेह नहीं कि महात्मा गांधी की सोच के जो कुछ मूल सिद्धांत थे, उनका महत्व और बढ़ रहा है। अन्याय व शोषण के विरुद्ध अहिंसा और सत्य की राह पर चलते हुए व्यापक जन-भागीदारी से संघर्ष होना चाहिए, यह उनका जीवन-संदेश था, जिसे उन्होंने जीकर दिखाया। गांधी जी ने अहिंसा व अमन-शांति आधारित प्रयास जीवन-भर किए, जिनमें हर तरह के भेदभाव और संकीर्ण सोच को दूर करना बहुत जरूरी माना गया है। विभिन्न धर्मों का एक-दूसरे के प्रति सम्मान और इस पर आधारित एकता व सद्भावना को उनके विचारों में बहुत महत्व दिया गया। धर्म, जाति या ऐसी किसी पहचान के आधार पर कभी किसी व्यक्ति को किसी हिंसा व भेदभाव का शिकार न बनना पड़े, यह गांधी जी की सोच में सदा महत्वपूर्ण रहा। यह उनके लिए इतना महत्वपूर्ण था कि इसके लिए उन्होंने कई बार लंबे उपवास तक किए। आज की चिंताजनक स्थितियों में हमें गांधी जी के मूल संदेशों और सिद्धांतों को याद रखना बहुत जरूरी है। यदि हम एक बेहतर देश व समाज बनाना चाहते हैं और हिंसा व युद्ध से त्रस्त दुनिया को नई राह दिखाना चाहते हैं, तो महात्मा गांधी के मूल संदेशों से ही सबसे अधिक बल मिलेगा। महात्मा गांधी की यह अहिंसक सोच विषमता को दूर करने से भी नजदीकी तौर पर जुड़ी है। बढ़ती विषमता और शोषण किसी समाज में व्याप्त हिंसा को ही बढ़ाते हैं। दूसरी ओर, समता और सादगी ऐसी बुनियाद हैं, जो समाज को टिकाऊ तौर पर अहिंसक बनाने में बहुत सहायक हैं। अहिंसा और न्याय इन दोनों के लिए गहरी प्रतिबद्धता की सोच हमें गांधी जी की सोच से मिलती है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि वाराणसी में 'सर्व सेवा संघ' के परिसर पर बुलडोजर चलाने से गांधी जी के विचारों के प्रसार को भारी क्षति हुई है, पर गांधीवादी सोच के लोगों को इससे निराश नहीं होना है, अपितु इसे चुनौती मानकर महात्मा गांधी की मूल सोच को समाज में ले जाने के लिए अपने प्रयास और बढ़ाने चाहिए। ऐसे प्रयास, जो हर तरह के भेदभाव को समाप्त करते हैं, एकता बढ़ाते हैं व न्याय तथा अहिंसा की राह पर आगे बढ़ाते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि कठिन परिस्थितियों में गांधी जी की मूल सोच को ही आगे ले जाया जाए, सुविधा के लिए उससे कोई छेड़छाड़ या खिलवाड़ न किया जाए। सद्भावना व एकता के मुद्दों पर कोई भेदभाव न होने देने व अहिंसा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर महात्मा गांधी के सिद्धांतों और सोच पर बने रहना बहुत जरूरी है।

**साभार :** ये लेखक के अपने विचार हैं।

### कचरा वाहन भी सुबह से एलाउंसमेंट करती हुई कचरा एकत्रित किया

# सफाई कर्मी लौटे काम पर, नगर में लगे कचरे के ढेर को आज उठाया गया

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

**नगर में लगभग 8 दिनों से नगर पालिका के सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। इन आठ दिनों में सिवनी मालवा नगर में कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गये।**

पत्रकारों ने नगर की साफ सफाई व्यवस्था जो पूरी तरह चरमरा गई थी शुक्रवार के दिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी से नगर की साफ सफाई व्यवस्थाओं पर चर्चाएं की उसके दूसरे दिन बाद जनप्रतिनिधि और अधिकारी 1 अक्टूबर को हाथ में झाड़ू लेकर शहर की सफाई व्यवस्थाओं के लिए निकल पड़े उन्होंने जय स्तंभ चौक से लेकर गांधी चौक और जेल रोड तक की सफाई कर कचरा एकत्रित कर कचरा वाहान में डाला।

इन 8 दिनों में शहर कचरे के ढेर में तब्दील हो चुका था लेकिन बड़े-बड़े कचरे के ढेर से पूरे शहर में गंदगी फैलने के साथ बीमारी फैलने की भी आशंकाएं बनी हुई थी। बीते रोज नगर पालिका के सफाई कर्मचारी हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट आए हैं जिन्हें आज सुबह 11 बजे तक नगर में लगे बड़े-बड़े कचरे के ढेर उठाते हुए नजर आए तो वही कॉलोनी में जाने वाली कचरा वाहन भी सुबह से एलाउंसमेंट करती हुई कचरा एकत्रित किया जा रहा हैं।







### ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता और साफ सफाई रखने की शपथ

सिवनी मालवा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत गांधी जयंती के एक दिन पूर्व 1अक्टूबर को वृहद स्तर पर स्वच्छता श्रमदान ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा में किया गया। इस दौरान शासकीय स्कूल परिसरों, आंगनबाड़ी परिसरों, एवं सार्वजनिक स्थानों पर साफ- सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही उपस्थित जन समुदाय को प्रतिदिन एक घंटे स्वच्छता श्रमदान करने का महत्व बताया गया । इस दौरान स्वच्छता शपथ के साथ ही दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने पर प्रतिबंधित करने की शपथ भी दिलाई गई। स्वच्छता अभियान में सरपंच सुश्री अमृता लिटोरिया, सचिव हितेश मनवारे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं मंजुला लिटोरिया, विनीता साध, कीर्ती गोस्वामी, सहायिकाएं प्रीति लौवंशी, छाया मंडलोई, संगीता लौवंशी, शासकीय विद्यालय के प्रधान पाठक रविंद्र चौधरी, ग्राम के समाजसेवी राजेंद्र भंडारी बसंत कुमार लिटोरिया, मदन साध, अमित साध, बृजलाल मेहरा, ग्राम के अन्य नागरिकगण एवं ग्राम पंचायत के कर्मचारी अंकित गौर, विपत भारती, मौसम लौवंशी, ज्ञानचंद मेहरा, मधु मेहरा एवं सफाई मित्र मनोरीलाल कटारे, आदि उपस्थित रहें।



## जनप्रतिनिधियों ने किया गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**



शहर का हृदय स्थल माने जाने वाला गांधी चौक पर आज गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।आज सुबह 9:00 बजे नगर पालिका अध्यक्ष रितेश कुमार जैन मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भल्लवी सहित नगर पालिका कर्मचारी अधिकारी पार्षदों ने गांधी चौक पर पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल माला पहनकर गांधी जी अमर रहे के नारे लगाए। वहीं कुछ देर बाद कांग्रेस के पूर्व विधायक ओम प्रकाश रघुवंशी भी गांधी चौक पहुंचे जहां उन्होंने भी गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस दौरान कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची प्रकाशन के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक 4 अक्टूबर को...

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राज्य निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 4 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित रहे।



## स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जिला पंचायत कार्यालय में की साफ सफाई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**नर्मदापुरम जिला पंचायत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' अंतर्गत '1 अक्टूबर को एक साथ 1 घंटे स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया। जिला पंचायत भवन के अंदर एवं भवन के चारों ओर के क्षेत्र की सफाई की एवं सफाई में निकले कचरे को उठाकर नगरपालिका की कचरा इकट्ठा करने वाले वाहन में डाला गया।**

स्वच्छता के इस अभियान में सबसे पहले जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत द्वारा सभी कर्मचारियों को इकट्ठा कर सभी सुरक्षा की दृष्टि से मास्क एवं हाथ के दस्ताने पहनने के लिए बताया। साथ ही सुरक्षित रहकर जिला पंचायत भवन की सफाई की गई एवं स्वच्छता अभियान के आखिर में सीईओ द्वारा स्वयं के साथ सभी कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान में हमेशा शामिल रहने का संकल्प भी दिलाया ।

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से उपचार के लिए 159 हितग्राहियों को 55 लाख 90 हजार रुपए स्वीकृत...

**बीमार व जरूरतमदों को मिली सरकारी मदद**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से उपचार के लिए जिले के 159 हितग्राहियों को कुल 55 लाख 90 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिंगोड़ा के चंद्रभान सिंह को 1 लाख 25 हजार रूपए, ग्राम रामपुरा के चंदर यदुवंशी, भरलाय के गोविंद लोवंशी, पीपरपानी की श्रीमती सबिता रजक, नर्मदापुरम के नितिन यादव, नर्मदापुरम की श्रीमती गीता शर्मा को 1-1 लाख रूपए, गजनपुर के मनीष लोवंशी को 90 हजार रूपए, नगवाड़ा के ज्ञानीगिरी गोस्वामी, कीरपुरा के कुमारी ज्योति को 85-85 हजार रूपए, गुराड़ियाजाट के बलराम जाट को 80 हजार रूपए, ग्राम जवाली के कुलदीप कहार, चतरखेड़ा के जितेन्द्र रघुवंशी को 75-75 हजार रूपए, तवानगर की श्रीमती मंजू, पिपलियाकलां के चंद्रशेखर रघुवंशी, नर्मदापुरम की श्रीमती ग्यारसी गौर, धनाश्री के महेश पटेल, मकोदिया की श्रीमी रमन को 70-70 हजार रूपए, रंधीई की श्रीमती कुथरियाबाई पाल, पिपरिया के जगदीश सराठे, नर्मदापुरम की श्रीमती गीताबाई, हरपालपुर के धर्मेन्द्र यादव, बघवाड़ा की श्रीमती अनुपाबाई गौर, सुरलेला के हल्केवीर किरार को 60-60 हजार रूपए, इटारसी की श्रीमती पुष्पा वर्मा, भिलाड़ियाकलां के ओमप्रकाश यादव, मटकुली के मास्टर सन आफ सरोज जायसवाल, नर्मदापुरम के शैलेन्द्र तिवारी, श्रीमती क्षमा गौर, चांदकिया मास्टर प्रशांत यादव, पाहनवर्रीके पंकज यादव, मनवारा के उमेश , नर्मदापुरम की श्रीमती कौशल किशोर शर्मा ,ग्राम जनकपुर की बेबी आफ मधु शर्मा, नर्मदापुरम के मनीष बकोरे, सिवनीमालवा की श्रीमती रूबीन खान, ग्राम झालसरसेतु केचंदनसिंह दायमा, गुजरवाड़ा के रामअवतार, बिसोनीकलां कीश्रीमतीनम्रता सिंह, सिवनी सांडिया के जसराज सिंह पटेल को 50-50 हजार रूपए, मानागांव की श्रीमती राजकुमारी यादव, नर्मदापुरम की कुमारी वंशिता ताम्रकार को 45-45 हजार रूपए, इटारसी की बेबी आफ ज्योति साहू, भटगांव की श्रीमती कविता पुर्विया, नर्मदापुरम के असलम खान, श्रीमती छोटीबाई बसीर, शेख अजीज, ग्राम टेमलाकलां की श्रीमती मनोरमा राठोर, बमूरिया के मयंक राजपूत, सिवनीमालवा के संदीप राठोर, नर्मदापुरम के जयदेव चौहान, बिसोनीकलां की श्रीमति नम्रता सिंह, रोजदा की श्रीमती सावित्री बाई को 40-40 हजार रूपए, इटारसी की श्रीमती त्रिवेणी बाई, बनखेड़ी के किशव सिंह पटेल, नर्मदापुरम के सीताराम दास त्यागी, प्रेमनारायण रैकवार, जुझारपुर की श्रीमती श्रीलता महालहा, गूजरखापा के ईश्वर गूजर, सांकला केसंतोष लोनगर,



सोहागपुर की श्रीमती गोमती बाई कुशवाह, बघवाड़ा की श्रीमती गीता लोवंशी, माखननगर के सुशील कुमार दुबे को 35-35 हजार रूपए, नबलगांव की श्रीमती कृष्णाबाई रघुवंशी, पौसेरा के दंनीलाल पटेल, सिवनीमालवा के प्रदीप गौर, नर्मदापुरम की श्रीमती क्षमा लोवंशी, आरी के रवि सिंह चौहान, सोहागपुर की श्रीमती रजनी कहार, जमुनियाकेहरीप्रसाद मीना, सिवनीमालवा की श्रीमती सविता मालवीय, सिवनीमालवा की श्रीमती कमलाबाई राठोर, मकोडिया के फूलचंद मेहरा, नर्मदापुरम के नीरजकुमार रघुवंशी, कुसुमकला की श्रीमती किरण राजपूत को 30-30 हजार रूपए, नर्मदापुरम की श्रीमती अलका दीवान, संतोष राजपूत, सेमरीहरचंद की बेबी आफ सीमा साहू, सिवनीमालवा की श्रीमती मंजू दुबे, मास्टर रचित, लोहारियाकलां के रमेश चौधरी चौतलाय के सचिन गौर, सोजनी की मुन्नी पटेल, मोकलवड़ी के हेमराज अहिरवार, सांगाखेड़ाकलां के डालचंद कीर, चौकीगवां के जसवंत सोनी, डोलरिया की श्रीमती चंपा लोवंशी, चांदौन के रमेशचंद्र चौधरी, सांकला की श्रीमती कृष्णामणि पटेल, नर्मदापुरम की श्रीमती शिवानी सराठे, शरद चौकसे, श्याम कुमार, हर्षवर्धन भदोरिया, इटारसी की श्रीमती रजनी नायक, निमसाड़िया के ललित साहू को 25-25 हजार रूपए, नर्मदापुरम की मुस्कान कहार, प्रशांत तिवारी, श्रीमती शीला जैन, राजेश जैन, इटारसी के राजेश गोदरे, गुड़ला की कुमारी शोभा केवट, ब्यावरा के गणेश, खिड़िया के प्रीतम सिंह मीना, गुनौरा की श्रीमती राधाबाई गौर, नर्मदापुरम केरेवेन्द्र चौहान, पचमढ़ी के आदित्य मेहरा, नर्मदापुरम की सरिता पाठक, राजोरा के मास्टर राज जिनोदिया, बिछुआ के कालूराम यादव, संखेड़ा के आनंद मोहन पटेल, बासनियाकलां के शिवनारायण यदुवंशी, नर्मदापुरम के खुशीलाल कहार को 20-20 हजार रूपए, नर्मदापुरम के सतीश शर्मा, गुलाबसिंह, मुरत सिंह चौहान, ग्राम सिमारा के अंतराम पटेल, काजलखेड़ी की श्रीमती प्रीती मीना, रिटालखापा के कमोद पटेल, भरलाय की श्रीमती बसुबाई लोवंशी, मचारगांव की बेबी आफ क्षमा पाल, सुकतवा की श्रीमती रजनी राय, इटारसी के सौरभ मित्तल, निपानिया की श्रीमती संध्या बरखने, नगतरा के देवेश चौधरी, बाबईखुर्द के कृष्ण पूर्विया एवं अकोला के सुनील सिंह ठाकुर, जासलपुर की श्रीमती प्रिया चौरे को 15-15 हजार रूपए, नर्मदापुरम के उत्तम वर्मा, अलफिया खान, श्रीमती श्वेता पाठक, चौकीगवां की श्रीमती दुर्गाबाई लौवंशी, रानी पिपरिया के नर्मदाप्रसाद रघुवंशी, पलासी के राजेश गोदरे, कोटगांव की श्रीमती लताबाई यादव, घूरखेड़ी की श्रीमती मधु पटेल, पतलई की श्रीमती प्रियंका लौधा, सिलारी की श्रीमती सपना केवट, बम्हनगांवकलां की श्रीमती उषा गौर, गुजरवाड़ा की श्रीमती शिववती यादव, नकटुआ के सूरज ठाकुर, सोहागपुर के राजेश राजपूत, बीकोर की श्रीमती संगीता राजपूत, ग्राम मुदिया के कमलेश पुरोहित, ग्राम मानापट के लखनलाल कटारे, कांद्राखेड़ी के कृष्णा रघुवंशी, माखननगर के शुभम यादव, बुधनी के विष्णु सेन, दहलवाड़ा की श्रीमती बटरोबाई आरसे, मरकाढाना के कमलकिशोर वंशकार एवं बछवाड़ा की श्रीमतीकाशीबाई अहिरवार, सोहागपुर की श्रीमती मीना महोरिया, दयाशंकर शर्मा, मनवाड़ा की श्रीमती आरती यादव, नर्मदापुरम की रेखा यादव, सोमलवाड़ा की श्रीमी चंदाबाई, गुजरवाड़ा की श्रीमती क्षमा यादव, झकलाय के अरविंद पुरी, नर्मदापुरम की श्रीमती रश्मि राजपूत को 10-10 हजार रूपए रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## शिवसेना राज्य प्रमुख शर्मा का नरसिंहपुर में स्वागतनरसिंहपुर

**नरसिंहपुर ।** शिवसेना राज्य प्रमुख सुनील शर्मा, किसान सेना राज्य प्रमुख रजनीश गिरी का आगमन बिपतपुरा के पवन मैरिज गार्डन मे हुआ । शिवसेना राज्य मीडिया प्रभारी आशीष नेमा, शिवसेना जिला प्रमुख नीलू तिवारी, संभागीय अध्यक्ष कैलाश कौल सहित सैकड़ो शिवसैनिको ने प्रदेश प्रमुख का भव्य स्वागत किया इस अवसर पर शिवसेना के राज्य प्रमुख सुनील शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत मे कहाँ मध्यप्रदेश मे आगामी विधानसभा चुनाव मे शिवसेना सभी 230 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी 100 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट तैयार है उन्होंने कहाँ बीजेपी सरकार को सत्ता से बाहर करने शिवसेना मैदान मे है, शिवराज सिंह झूठी घोषणा करके जनता को गुमराह करने पर तुले है



### नरसिंहपुर विधानसभा मे उम्मीदवार

कार्यकर्त्ता सम्मलेन मे आये शिवसेना राज्य प्रमुख सुनील शर्मा ने नरसिंहपुर विधानसभा मे अपना उम्मीदवार उतारने के संकेत दिए है उन्होंने कहाँ की महाराष्ट्र से उद्धव साहब ठाकरे,आदित्य ठाकरे संजय राउत जैसे महाराष्ट्र के दमदार नेता प्रचार मे आएंगे,बीजेपी को उनके के ही गढ़ मे कड़ी चुनौती देंगे,जल्द ही पहली लिस्ट जारी की जायेगी,।

**मेट्रो एंकर** शाल-श्रीफल भेंट कर वरिष्ठ मतदाताओं किया गया सम्मानित

## अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ मतदाताओं का किया गया सम्मान

**मतदाताओं का भी सम्मान हुआ**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित कर 80 वर्ष तथा उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान किया गया।**

इस दौरान सभी जनपद एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और वृद्धजन का सम्मान किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ मतदाताओं को शाल-श्रीफल भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी वरिष्ठ मतदाताओं एवं उनके परिवारजनों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं को वोट डालने के लिए की गई सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ मतदाताओं ने भी मतदान संबंधी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर तहसीलदार नगर, प्रभारी सीएमओ प्रशांत जैन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।






### शहर में जगह-जगह पड़ी रही गंदगी एवं कचरे के ढेर, भाजपा कार्यकर्ता बस स्टैंड पर चलाते रहे स्वछता अभियान

# सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त, दोपहर के बाद शहर की सड़कों से उठ सका कचरा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

**अनुकंपा नियुक्त और साप्ताहिक अवकाश देने सहित अन्य मांगों को लेकर बीते एक सप्ताह से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को दोपहर में समाप्त हो गई।**

सफाई कर्मचारी यूनियन ने रविवार से पूर्ववत सड़कों की सफाई और घरों से कचरा कलेक्शन का काम शुरू करने का भरोसा दिलाया है। सफाई कर्मियों के आश्वासन के बाद नगर पालिका प्रशासन और पार्षदों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से शहर की सड़कों की सफाई नहीं होने और घरों से कचरा एकत्र नहीं किए जाने के कारण पूरा शहर कचरे से पट गया है। इसे लेकर नागरिकों में गहरा आक्रोश था। उनके आक्रोश का सामना नगर पालिका के अफसरों के साथ ही पार्षदों को भी करना पड़ रहा था। रविवार को हड़ताल समाप्त होने के पश्चात अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश सहेले ने बताया कि अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झंझोट के आह्वान पर एक सप्ताह से चल रही हड़ताल को आज समाप्त किया है, प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर ही शहर के सफाई कर्मियों ने हड़ताल प्रारंभ की थी आज दोपहर में जब प्रदेश अध्यक्ष ने आह्वान किया कि हमारी करीब आठ मांगों को मान लिया गया है जिसके बाद हमने आज हड़ताल समाप्त कर शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम प्रारंभ कर दिया है।







### शहर की प्रमुख सड़कों पर कचरे का अंबार

सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण शहर की सड़कों पर कचरे के ढेर एवं ठसी नालियों के कारण शहर के लोगों को एक सप्ताह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नगर पालिक के सफाई कर्मचारियों और कचरा वाहन चालकों की हड़ताल ने पूरे शहर को कचरा घर में तब्दील कर दिया है। सड़कों और चौराहों से लेकर मुख्य बाजार एवं केथन नदी तक कचरे के ढेर लगे हुए हैं। लोगों को सड़कों पर फैली गंदगी के बीच से आवागमन करना पड़ रहा था। कुछ क्षेत्रों में सड़क किनारे बड़ी मात्रा में कचरा एकत्र हो जाने के कारण आसपास के रहवासियों को बदबू का सामना करना पड़ रहा था।

### सेवा पखवाड़े के तहत विधायक ने शहर से बाहर चलाया स्वच्छता अभियान

विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता काजीघाट के मैदान में पनप रही गाजर घास एवं अन्य प्रकार के कचरे को एकत्रित करके परिसर से बाहर किया। विधायक द्वारा चलाए गए इस स्वच्छता अभियान को लेकर कांग्रेस नेत्री राजकुमारी रिंकी रघुवंशी ने आरोप लगाया कि भाजपा की करनी और कथनी में यही अंतर है पूरा शहर गंदगी और कचरे के कारण परेशान है, लेकिन भाजपा नेता कागजी खानापूर्ति के लिए शहर के बाहर परिसर में सफाई अभियान चला रहे हैं, यदि इन्हें सफाई करनी है तो शहर के सड़कों पर पड़ी गंदगी को साफ करना चाहिए था। क्योंकि सरकार की दमनकारी नीतियों के कारण प्रदेश के सफाई कर्मचारी कई दिनों से हड़ताल पर हैं, पूरे प्रदेश में लगातार हड़तालों का दौर जारी है जिसके कारण त्राहि त्राहि मची हुई है। व्यवस्था संभालने की बजाय भाजपा नेता और जनप्रतिनिधि कागजी खाना पूर्ति करने में लगे हुए हैं।

### शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान चलाकर नेताओं ने की फॉर्मेलिटी -

सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण पूरा शहर कचरामय दिखाई दे रहा है, जगह-जगह कचरे के ढेर एवं गलियों में गंदगी का अंबार दिखाई पड़ रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रातः कई जगह झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान का संदेश दिया। लेकिन यह स्वच्छता अभियान सिर्फ फॉर्मेलिटी ही साबित हुआ क्योंकि शहर में जहां जगह कचरे के ढेर थे उन जगहों पर नेता पहुंचे ही नहीं नेताओं ने बस स्टैंड स्थित साफ जगह पर झाडू लगाकर सफाई कर फोटो खिंचवाने का कार्य किया। नेताओं द्वारा चलाए गए इस स्वच्छता अभियान को लेकर नगर में जन चर्चा का विषय रहा, कई लोग भाजपा नेताओं के इस कार्य को लेकर तरह-तरह की टिप्पणी की, शहर के लोगों का कहना है कि जब सफाई करनी है तो क्यों ना जहां गंदगी है उसे जगह पर सफाई की जाए।



# वृद्ध जन दिवस पर वृद्धों का किया सम्मान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

रविवार को अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस पर नगरीय क्षेत्र के 80 बुजुर्गों एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का सम्मान अम्बेडकर भवन में किया गया। तहसीलदार संजय नागवंशी ने सभी साल श्रीफल आदि देकर सम्मान किया एवं वृद्धजन दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कि इनका सभी को सम्मान करने चाहिए यहां हमारी पूंजी है साथ ही उन्होंने बिस्तर से बताया ओर 100 वर्ष से अधिक आयु के नन्नु मियां सहित अन्य बुजुर्ग पुरुष महिलाएं आदि मौजूद थी।

# हम सभी मिलकर स्वच्छ और सुंदर शहर बनाएं

रायसेन, दोपहर मेट्रो

**स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा रायसेन नगर में सागर तिराहे से महामाया चौक तक झाडू लगाकर स्वच्छता ही सेवा-2023 अभियान अंतर्गत श्रमदान किया गया।**

स्वास्थ्य मंत्री के साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने भी झाडू लगाकर श्रमदान किया। इसके उपरांत स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने महामाया चौक पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर अपने रायसेन को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक स्वच्छता ध्यान रखे। जिस प्रकार हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं, उसी प्रकार अपने आस-पड़ोस, मोहल्ले, वार्ड और नगर को भी स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि स्वच्छ रायसेन, स्वच्छ प्रदेश और स्वच्छ भारत हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसमें हर प्रयास मायने रखता है। हमारा भारत स्वच्छ हो, इसके लिए हम सभी को वर्ष में 100 घण्टे और हफ्ते में दो घण्टे स्वच्छता के लिए देना चाहिए। पिछले लगभग पांच वर्षो से हमारे प्रदेश का इंदौर स्वच्छता में देश में पहले स्थान पर आ रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने शपथ ली कि महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मॉ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 02 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं ना गंदगी करूंगा और ना किसी ओर को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे गांव से, मेरे नगर से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा।

# वयोवृद्ध मतदाता, युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत तथा मार्गदर्शक हैं, कलेक्टर ने किया सम्मान

रायसेन, दोपहर मेट्रो

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वरिष्ठ मतदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा रायसेन के 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं को पुष्पमाला पहनाकर तथा शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री दुबे ने वरिष्ठ मतदाताओं से कहा कि उन्होंने देश के लोकतंत्र को बढ़ते हुए, पल्लवित होते हुए देखा है। युवा मतदाताओं के लिए आप सभी प्रेरणा स्त्रोत, मार्गदर्शक हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु के 13 हजार 500 से अधिक मतदाता हैं। कलेक्टर श्री दुबे ने रायसेन निवासी 91 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता श्रीमती केराबाई सहित वयोवृद्ध मतदाता श्रीमत चंनद्रवर्ती देवी, श्री पन्नालाल, श्री मिश्रीलाल, श्री हरप्रसाद, श्री भैयालाल, श्री प्रेमनारायण तथा श्री शिवलाल से बारी-बारी संवाद कर कुशलक्षेम जानी तथा पूर्व के मतदानों की स्मृतियां जानीं। वरिष्ठ मतदाताओं ने बताया कि वह सभी चुनावों में मतदान करते हैं। मतदान का यह अधिकार लम्बी लड़ाई के बाद मिला है। वरिष्ठ मतदाताओं ने पहले की निर्वाचन प्रक्रिया तथा वर्तमान की निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में अपने अनुभव भी साझा किए। कलेक्टर श्री दुबे ने निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान हेतु दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे वरिष्ठ मतदाता, जो मतदान केन्द्र तक जाने में असमर्थ हैं। उनके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। इसमें घर पर ही पूरी गोपनीयता के साथ मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित कराई जाती है। इसके अतिरिक्त मतदान केन्द्रों पर वरिष्ठ मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, रैम्प, बैठक व्यवस्था सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं, जिससे कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। कलेक्टर श्री दुबे ने वरिष्ठ मतदाताओं से आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में भी मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग द्वारा भी वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान कर संवाद किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष



# अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ कलेक्ट्रेट भवन तथा परिसर में किया श्रमदान

रायसेन, दोपहर मेट्रो

**स्वच्छता ही सेवा-2023 अभियान के तहत रविवार को कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन तथा परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई करते हुए नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।**

उन्होंने सभी नागरिकों से अपने घर, कार्यालय या संस्थान, आस-पड़ोस, वार्ड आदि को स्वच्छ बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर अपने जिले को, प्रदेश को और देश को कचरा मुक्त बनाना है। उन्होंने सभी से अपने आस-पास स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अन्य नागरिकों को भी स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री दुबे के साथ ही जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा कार्यालय भवन तथा परिसर में झाडू लगाकर तथा साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान में जिला स्तर से ग्राम स्तर तक हुआ श्रमदान जिला पंचायत कार्यालय में भी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा श्रमदान करते हुए कार्यालय भवन और परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इसके अतिरिक्त सभी शासकीय कार्यालयों, जनपदों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी अधिकारियों-कर्मचारियों तथा नागरिकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान




**मेट्रो एंकर** कांग्रेस की राजनीति में बनें नए समीकरण, पूर्व आईएएस शीघ्र ले सकते है कांग्रेस की सदस्यता

# पूर्व आईएएस सभाजीत के समर्थकों ने अरूण यादव का किया भव्य स्वागत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

**पूर्व आईएएस एंव न्याय मंच के सरंक्षक सभाजीत यादव के समर्थकों ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव का ग्राम महू सहित नगर के कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया। वही कांग्रेस की राजनीति में न्याय मंच द्वारा कांग्रेस नेताओं का भव्य स्वागत करने के बाद राजनैतिक समीकरण बदले बदले दिख रहे है।**

क्योकि पूर्व आईएएस सभाजीत यादव व समर्थक कांग्रेसी विचार धारा के है। पूर्व आईएएस सभाजीत यादव 1997-98 में सिरोंज में एसडीएम रहकर प्रषासन के साथ सामाजिक क्षेत्रो में काम किया है। उस समय गांव गांव न्याय यात्राए निकालकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जाता था। साथ ही उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण भी किया जाता था। तो वही सेवार्निवृत होने के बाद श्री यादव क्षेत्र में गांव गांव जाकर प्रचार कर रहे है आगामी विधानसभा चुनाव में यदि कांग्रेस उन्हे टिकट नही देती है तो वह निर्दलय चुनाव लड़ेगे और कांग्रेस भाजपा के समीकरण बदले बदले से दिखने लगेगें। न्याय मंच के सदस्यों ने कांग्रेस नेता का स्वागत करने के बाद उनके समर्थको में एक अच्छी खासी ऊर्जा आ गई है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कुछ गिने चुने यादव समाज के नेताओं को भोपाल भी बुलाया है।

### पूर्व आईएएस शीघ्र करेगे कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण

पूर्व आईएएस सभाजीत यादव एंव उनकी टीम शुरू से ही कांग्रेस के लिए काम कर रही है लेकिन श्री यादव ने विधिवत कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण नही कि है हो सकता है कि एक दो दिन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव के प्रयास से भोपाल प्रदेष कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सभाजीत यादव सदस्यता ग्रहण कर सकते है।





### सभाजीत यादव के आने से कांग्रेस को फायदा

पूर्व आईएएस सभाजीत यादव का सिरोंज लटेरी क्षेत्र में व्यापक सम्पर्क होने के बाद प्रतिदिन उनके द्वारा गांव गांव जाकर चौपालों में ग्रामीणों के साथ बैठके हो रही है। क्योंकि सिरोंज लटेरी क्षेत्र के अलावा आरोन, राधौगढ में श्री यादव का एक बड़ा नेटवर्क है यदि कांग्रेस में सभाजीत यादव आते है तो कांग्रेस को एक बहुत समर्थन मिल जाएगा। ऐसा ज्ञात हुआ है कि आरोन क्षेत्र व सिरोंज विधानसभा में यादव समाज अधिक होने के कारण अधिकतम समय समाजजनों के बीच में पहुचकर बैठकें ले रहें है।

### चुनाव लडने के लिए जिद पर अडें सभाजीत

पूर्व आईएएस सभाजीत यादव से जब चर्चा की गई तो उन्होने कहा कि सिरोंज लटेरी, आरोन, राधौगढ़ यह क्षेत्र मेरे अपने है और इन क्षेत्रो में मैने काफी काम किया है साथ ही जहा के नागरिकों की मैने काफी मदद की है। क्षेत्र की जनता का भी जनादेश है कि मैं विधानसभा का चुनाव लडों मै जनता जर्नादन का सम्मान करूगां और मेरी पूरी तैयारी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए है। अरूण यादव का किया भव्य स्वागत - न्याय मंच के सरंक्षक सभाजीत यादव के समर्थको ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव का सिरोंज के समीप ग्राम महू में भव्य स्वागत किया। इस मौके पर भानू प्रताप यादव, सरंपच लेखराज यादव, जनपद सदस्य उजागर सिंह यादव, लेखराज सिंह बघेल, राम दयाल शर्मा, उमेष पटेल, आषिष यादव आदि मौजूद रहे।



## 5 अक्टूबर से शुरू हो रहा है वनडे वर्ल्ड कप, टूर्नामेंट 46 दिनों तक चलेगा और 48 मैच होंगे

# ओवरऑल आंकड़ों में पाकिस्तान आगे लेकिन वर्ल्ड कप भिड़ंत में भारत पूरी तरह से हावी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट 46 दिनों तक चलेगा और कुल 48 मैच होंगे। वैसे तो वर्ल्ड कप का हर मैच अहम होता है लेकिन 48 में से 4 मैच ऐसे होने वाले हैं जिसमें हारना किसी को मंजूर नहीं। ये मुकाबले महज क्रिकेट मैच नहीं रह जाते। ये जोश, जज्बात, सम्मान का प्रतीक बन जाते हैं। ये 4 मैच टूर्नामेंट की 4 सबसे बड़ी राइवलरी को रिप्रजेंट करते हैं।

### भारत-पाक महाभिड़ंत 14 को

इस वर्ल्ड कप में भारत-पाक मैच 14 अक्टूबर को होगा। तीनों फॉर्मेट यानी वनडे, टेस्ट और टी-20 को मिलाकर दोनों टीमों के बीच 205 मैच हो चुके हैं। इनमें से भारत ने 73 और पाकिस्तान ने 88 मैचों में जीत हासिल की है। एक मुकाबला टाई रहा और बाकी या तो ड्रॉ रहे या बेनतीजा रहे। जाहिर है ओवरऑल आंकड़ों में पाकिस्तान आगे है। लेकिन, वर्ल्ड कप की भिड़ंत में भारत पूरी तरह से हावी है। वनडे वर्ल्ड कप में भारत-पाक की सात भिड़ंत हुई और सातों भारत ने जीते। टी-20 वर्ल्ड कप में भी सात मुकाबले हुए। इनमें भारत ने 6 जीते और पाकिस्तान सिर्फ एक जीत सका है। बेंगलुरु में भारत-पाकिस्तान के बीच 1996 वर्ल्ड कप का क्वार्टर फाइनल हुआ। भारत ने पहले बैटिंग की और 8 विकेट पर 287 रन बनाए। ओपनर नवजोत सिंह सिद्धू ने 93 और अजय जडेजा ने 25 बॉल पर 45 रन बनाए। जडेजा ने खतरनाक वकार यूनुस के एक ओवर में 22 रन भी लगाए। 288 रन के जवाब में पाकिस्तान ने 10 ओवर में बगैर नुकसान के 84 रन बना दिए। 15वें ओवर में कप्तान आमिर सोहेल ने पेसर वेंकटेश प्रसाद की बॉल पर 2 चौके लगाए।

### मुंबई का स्टेडियम चेज करने के लिए ही मशहूर

वानखेड़े स्टेडियम में पिछले 10 साल में 4 डे-नाइट वनडे खेले गए। 3 बार चेजिंग टीम और केवल एक बार पहले बैटिंग करने वाली टीम को जीत मिली। यानी ओस यहां भी मुश्किलें पैदा करेगी। पहले बैटिंग में एकमात्र मैच को भी जीतने के लिए साउथ अफ्रीका को 438 रन का स्कोर खड़ा करना पड़ा था। वानखेड़े में स्पिनर्स के लिए कुछ खास नहीं बचता, 2013 से यहां 78% विकेट पेसर्स को ही मिले हैं। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में 2013 से 5 वनडे खेले गए। 4 बार पहले बैटिंग और एक बार चेज करने वाली टीमों को फायदा मिला। लेकिन पिछले 2 सालों में आईपीएल के दौरान यहां 60 फीसदी मैच चेज करने वाली टीमों ने ही जीते। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बैटिंग को मददगार होने के लिए ही फेमस है। यहां रोहित शर्मा ने 2013 के दौरान वनडे में अपना पहला दोहरा शतक लगाया था। पिछले 10 साल में यहां 3 ही वनडे हुए, 2 बार पहले बैटिंग और एक बार चेज करने वाली टीम ने मैच जीता।




### ओस से रन चेज होगा आसान

वनडे वर्ल्ड कप इस बार भारत में होने जा रहा है। आम तौर पर भारत की पिचें स्पिनर्स के लिए मुफीद होती हैं। हालांकि, डे-नाइट मैचों के दौरान ओस ज्यादा गिरने पर स्थिति बदल जाती है। फिर स्पिनर्स बेअसर हो जाते हैं। मुश्किलें फास्ट बॉलर को भी आने लगती हैं। इससे टारगेट का पीछा करने वाली टीम की स्थिति बेहतर हो जाती है। इन महीनों में भारत के ज्यादातर शहरों में ओस गिरती है। इससे आशंका है कि यह वर्ल्ड कप टॉस जीतो, दरअसल, ओस गिरने से क्रिकेट की आउटफील्ड और पिच गीली हो जाती है। ऐसे में बैटर के शॉट खेलने पर गेंद घास में रोल होते हुए जाती है। इससे गेंद पर पानी लगता है और उस पर फिसलन बढ़ जाती है। गीली बॉल पर गेंदबाज ठीक से पकड़ नहीं बना पाता और गेंद हाथ से फिसलना शुरू कर देती है। रन स्कोरिंग आसान हो जाती है। ऐसे चेज करने वाली टीम को फायदा होता है।



## मेट्रो बाजार

# इंडिया पोस्ट की आरडी पर 6.7 फीसदी ब्याज मिल रहा

### 71 हजार के नीचे आई चांदी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पोस्ट ऑफिस ने से रिकरिंग डिपॉजिट पर ब्याज में बढ़ोतरी की है। 1 अक्टूबर से इसकी ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। आरडी के जरिए आप आसानी से बड़ा फंड तैयार कर सकते हैं। इसमें हर महीने इसमें 2 हजार रुपए निवेश करते हैं तो आपको 5 साल बाद करीब 1 लाख 42 हजार रुपए मिलेंगे। हम आपको पोस्ट ऑफिस ऋष्ठ के बारे में बता रहे हैं, ताकि आप भी इसमें निवेश करके फायदा कमा सकें।

पोस्ट ऑफिस की रिकरिंग डिपॉजिट या आरडी बड़ी बचत में आपकी मदद कर सकती है। आप इसका इस्तेमाल गुल्लक की तरह कर सकते हैं। मतलब आप इसमें हर महीने सैलरी आने पर एक निश्चित रकम डालते रहें और 5 साल बाद मैच्योर होने पर आपके हाथ में बड़ी रकम होगी। घर के गुल्लक में पैसे जमा करने पर भले ही आपको ब्याज नहीं मिले, पर यहां पैसे जमा करने पर आपको ब्याज भी मोटी मिलती है। इंडिया पोस्ट की ऋष्ठ पर 6.7 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है। इसमें मिनिमम 100 रुपए हर महीने निवेश कर सकते हैं। इससे ज्यादा 10 के मल्टीपल में आप कोई भी रकम जमा करा सकते हैं। मैक्सिमम जमा राशि की कोई लिमिट नहीं है।



5 साल तक 1 हजार महीने निवेश करने पर बन जाएगा 71 हजार का फंड इंडिया पोस्ट की आरडी में अगर आप 1 हजार रुपए प्रति महीने की रकम इन्वेस्ट करते हैं तो 6.7 फीसदी सालाना ब्याज दर के हिसाब से 5 साल बाद मैच्योर होने पर यह लगभग 71 हजार 369 रुपए का फंड तैयार हो जाएगा।

## आईफोन: इंस्टाग्राम, उबर जैसे एप ओवर हीटिंग जिम्मेदार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेक कंपनी एपल ने आईफोन 15 प्रो सीरीज में हीटिंग की समस्या को स्वीकार किया है। कंपनी ने दावा किया कि बढ़ी हुई बैकग्राउंड एक्टिविटी के कारण नए डिवाइस सेटअप या रिस्टोर करने के बाद गर्म हो सकते हैं। फोर्ब्स को एपल ने बताया, हमने कुछ स्थितियों की पहचान की है, जिसके कारण आई फोन उम्मीद से ज्यादा हीट हो रहे हैं। हमें आईओएस 17 में एक बग मिला है, जो कुछ यूजर्स को प्रभावित कर रहा है। इसे सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए ठीक किया जाएगा। एपल ने आईफोन 15 प्रो सीरीज में हीटिंग की दिक्कत के लिए इंस्टाग्राम, उबर और एस्फाल्ट 9 जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स को भी जिम्मेदार ठहराया है। फोर्ब्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि इंस्टाग्राम ने हीटिंग की दिक्कत दूर करने के लिए 27 सितंबर को एक अपडेट रोलआउट किया था। जबकि अन्य डेवलपर्स के साथ मिलकर एपल हीटिंग इश्यू को दूर करने के लिए काम कर रहा है। टाइटेनियम बॉडी के कारण आईफोन 15 प्रो और आईफोन 15 प्रो मैक्स में हीटिंग इश्यू आने की अटकलें लगाई जा रही थी। हालांकि, कंपनी ने हीटिंग इश्यू के लिए इसे जिम्मेदार नहीं ठहराया है।



एपल ने 12 सितंबर को अपने वंडरलस्ट इवेंट में आईफोन 15 सीरीज लॉन्च किया था। भारत में आईफोन-15 के 128 त्नक्कवैरिएंट की कीमत 79,900 और आईफोन-15 प्लस के 128 त्नक्कवैरिएंट की कीमत 89,900 है। आईफोन-15 प्रो के 128 जीबी वैरिएंट की कीमत 1,34,900 और प्रो मैक्स का 256 जीबी वैरिएंट 1,59,900 है।

### 19वें एशियन गेम्स के नौवें दिन भारत का रहा दबदबा

# स्केटिंग में 2 पदक, महिला-पुरुष टीम ने कांस्य जीता

**काबुल, एजेंसी**

19वें एशियन गेम्स के नौवें दिन की शुरुआत ब्रॉन्ज मेडल हुई। स्पीड स्केटिंग में पहले भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक जीता, उसके बाद पुरुष टीम ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय महिला टीम ने स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले में 4.34.861 समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं पुरुष टीम ने 4.10.128 समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। चीन के हांगझोउ में खेले जा रहे एशियाड में भारत के अब तक 13 गोल्ड सहित 55 मेडल जीत चुके हैं। भारत टैली में चौथे नंबर पर है। भारत के 146 खिलाड़ी 16 खेलों में हिस्सा लेंगे। इनमें देश को एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और वॉटर स्पोर्ट्स से मेडल की उम्मीद है। साथ ही भारतीय हॉकी टीम ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश से दो-दो हाथ करेगी। टीम ने पिछले मुकाबले में पाकिस्तान को 10-2 से हराया था।

**शुरुआत ओवरऑल मेडल टैली से की:** सोमवार को विमेंस की 400 मीटर हर्डल्स रेस हीट में भारत की विथ्या रामराज ने 55.42 सेकेंड समय के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। मेंस हाई जंप में भारत के सर्वेश अनिल कुशारे क्वॉलिफिकेशन राउंड में 2.10 मीटर हाइट के साथ ओवरऑल नौवें स्थान पर रहे। रविवार को भारतीय एथलीटों ने धमाकेदार आगाज था। हमारे एथलीटों ने अपने पहले दिन में दो गोल्ड समेत 9 मेडल जीते। ऐसे में आज भी एथलीटों से मेडल होप रहेगी। एथलीट देश को आधा दर्जन मेडल दिला सकते हैं। मेंस हाई जंप, विमेंस पोल वॉल्ट, विमेंस लॉन्ग जंप, विमेंस 3000 मीटर स्टेपलचेज, मेंस 200 मीटर फाइनल और 4.400 मिक्स्ड रिले टीम पर नजरें रहेंगी। सेमीफाइनल खेलेंगी सुतीर्था-अयहिका की जोड़ी सुतीर्था और अयहिका मुखर्जी की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वर्ल्ड चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-16 चीनी जोड़ी को 3-1 से हराते हुए बड़ा उलटफेर किया। अब यह जोड़ी सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी। शाम को होगा इवेंट मेजर अपूर्व, विकास कुमार शाम 5 बजे जंपिंग इवेंट का फाइनल खेलेंगे। मेजर से तमगे की उम्मीद है।



### इधर, भारत को कैनोइंग में नहीं मिला मेडल

भारत कैनोइंग में मेडल नहीं जीत सका। मेंस कैनो डबल 500 मीटर में आठवें स्थान पर रहा। इस इवेंट में कजाकिस्तान को जीत मिली। वहीं, जापान ने 0.227 के मामूली अंतर से सिल्वर मेडल जीता। 8वें दिन भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज सहित कुल 15 मेडल जीते। एथलीटों ने देश को 2 गोल्ड समेत कुल 9 मेडल जीते, जबकि शूटर्स ने 3 और मेडल जीते। इस दिन भारत ने शूटिंग के मेंस ट्रैप, 3000 मीटर स्टेपल चेज और शॉटपुट इवेंट में गोल्ड जीते। शूटर्स के बाद युवा एथलीट अविनाश साबले ने 3 हजार मीटर स्टेपलचेज इवेंट में गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। उन्होंने ईरान के हुसैनी (8 मिनट 22.79 सेकेंड) का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद तजिंदर पाल सिंह तूर ने शॉट पुट में इन गेम्स का गोल्ड हासिल किया। वे आखिरी प्रयास में नंबर-1 पोजिशन पर आए। विमेंस डिस्कस थ्रो इवेंट में सीमा पुनिया ने ब्रॉन्ज, मेंस लॉन्ग जंप में मुरली श्रीशंकर ने सिल्वर, विमेंस 1500 मीटर इवेंट में हरमिलन बैंस ने सिल्वर, मेंस 1500 मीटर में अजय कुमार ने सिल्वर और जिन्सन जॉनसन ने ब्रॉन्ज हासिल किया। विमेंस 100 मीटर हर्डल्स में ज्योति ने सिल्वर जीता। भारतीय टीम के मेंस फाइनल टीम इवेंट में चीन मे भारत को 5 मैच में 2-3 से हरा कर गोल्ड जीता। इसी के साथ भारत को सिल्वर से संतुष्ट होना पड़ा। बॉक्सिंग में निखत जरीन ने विमेंस 50 किग्रा में ब्रॉन्ज जीता। बैडमिंटन मेंस टीम इवेंट फाइनल का पहले मैच में लक्ष्य सेन ने यूकी शी को 2-1 से हराया। दूसरे मैच में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने 2-0 से मैच अपने नाम किया। दो मैच के बाद भारत 2-0 से लीड में था। इसके बाद तीसरे मैच में किदांबी श्रीकांत को ली शीफिंग ने 0-2 से हराया। चौथे मैच में ध्रुव-साई प्रतीक की जोड़ी को 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। आखिरी में मिथुन मंजुनाथ सिंगल्स में लगातार 2 गेम में हारे मुकाबले में बराबरी के बाद आखिरी और निर्णायक मुकाबले में मिथुन मंजूनाथ चीन के होंगयांग वेंग से लगातार 2 गेम में हार गए। वहीं अदिति अशोक ने गोल्फ के विमेंस इंडिविजुअल में भारत को मेडल दिलाया। उन्होंने 272 के साथ सिल्वर जीता। जबकि थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 269 के साथ गोल्ड जीता। वहीं कोरिया की गोल्फर को ब्रॉन्ज मिला। अदिति एशियन गेम्स में गोल्फ में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं। बॉक्सिंग के विमेंस 57 च्त्न वेट कैटेगरी में परवीन ने क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की बॉक्सर को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। 2024 में होने वाले पेरिस ओलिंपिक गेम्स के लिए कोटा भी हासिल कर लिया। बॉक्सिंग के विमेंस 60 किलो ग्राम वेट कैटेगरी में जैसमीन को हार का सामना करना पड़ा। विमेंस हॉकी में भारत और साउथ कोरिया के बीच पुल मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# आलिया भट्ट बोली- शराब की लत के शिकार हो गए थे पापा

आलिया भट्ट ने हाल ही में अपने पिता प्रोड्यूसर महेश भट्ट की शराब की लत से लड़ाई पर चर्चा की और अतीत में अपने परिवार की फाइनेंशियल चैलेंजेस के बारे में भी बात की। इस दौरान आलिया ने अपनी मां के बारे में कहा मेरी मां को ठीक से हिंदी बोलने नहीं आती थी। अपनी लगन और कड़ी मेहनत से उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई। आलिया ने कहा, एक ऐसा समय था जब मेरे पापा की फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही थीं। उनके पास फ्लॉप फिल्मों की पूरी लिस्ट बन गई थी। उन दिनों पापा के पास पैसे नहीं होते थे। वो शराब की लत से जूझ रहे थे। आलिया ने कहा, आखिरकार पापा ने शराब पीना छोड़ दिया। मेरी मां और पापा ने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की। ये सब उन्होंने मेरे लिए किया ताकि मैं लाइफ की हर खुशी पा सकूं। मैंने उनको मेहनत करते हुए देखा है इसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आनेवाली फिल्म जिगरा की तैयारी में जूट गई हैं।



**चॉकलेट बॉय की बन चुकी है इमेज**

# विराज का किरदार मेरे लिए बहुत मायने रखता हैं: करण



टीवी एक्टर करणवीर बोहरा स्क्रीन पर चॉकलेटी बॉय का किरदार निभाना नहीं चाहते। अभिनेता की मानें तो उन पर सिर्फ नेगेटिव रोल ही सूट करता है। बता दें, करणवीर जल्द ही टीवी शो 'सौभाग्यवती भव' के सीक्वल में विराज का रोल निभाते नजर आएंगे। करणवीर ने कहा, मुझे नेगेटिव, ग्रे शेड किरदार निभाना बहुत पसंद है। खास तौर से टीवी पर, इस तरह के किरदार में खेलने को बहुत मिलता है। मैं आगे भी इस तरह का रोल करना चाहता हूं। यहां तक कि मैं लोगों से कहता हूं कि प्लीज मुझे चॉकलेटी बॉय का रोल मत देना क्योंकि ऐसे किरदार मुझ पर नहीं जंचते। अभिनेता आगे कहते हैं, इस किरदार का अंदाज और एट्टीट्यूड वही पुराना है और साथ ही स्क्रिप्ट और कहानी कमाल की है। किरदार में बहुत मैच्योरिटी है। जिस तरह से अलग-अलग परतें खुलेंगी, वो ऑडियंस को चौका देंगी। मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि ये एक फिर से कल्ट साबित होगा। बातचीत के दौरान, अभिनेता ने इस बात का भी जिक्र किया कि उन्होंने बिना कुछ सवाल किए ही मेकर्स को इस सीक्वल के लिए हामी भर दी थी। वे कहते हैं, मेकर्स ने मुझे कॉल किया और जैसे ही उन्होंने सौभाग्यवती भव 2 का जिक्र किया, मैंने उन्हें वहीं रोक दिया और तुरंत शो के लिए हामी भर दी।

# मीनाक्षी बोली- 'दामिनी' में ऋषि ने किया था कमाल काम



साल 1993 में रिलीज हुई डायरेक्टर राजकुमार संतोषी की फिल्म 'दामिनी' में ऋषि कपूर और मीनाक्षी शेषाद्री लीड रोल में थे। हालांकि, फिल्म की पूरी स्पॉटलाइट सनी देओल ने अपने किरदार से खींच ली थी। अब सालों बाद मीनाक्षी ने चर्चा की है। उन्होंने कहा कि भले ही ऋषि को फिल्म में ज्यादा लाइमलाइट नहीं मिली पर उन्होंने जितना भी काम किया वो कमाल का था। फिल्म में ऋषि कपूर ने मीनाक्षी के पति की भूमिका निभाई थी।

### ऋषि ने अपने मेमॉयर में भी किया था जिक्र

मीनाक्षी ने एक इंटरव्यू में मीनाक्षी ने कहा, 'सब लोग दामिनी में सनी को बहुत मानते हैं पर मैं चिंटू जी (ऋषि कपूर) को बहुत मानती हूं। मुझे ऐसा महसूस होता है कि भले ही उन्हें फिल्म में बड़े डायलॉग्स नहीं मिले पर उसके बावजूद उन्होंने जो काम किया वो लाजवाब था। उन्होंने अपने किरदार को जितनी शिद्दत ने निभाया उसके लिए उन्हें हैट्स ऑफ। सिर्फ वो ही ऐसा कर सकते थे। भले ही लेखक ने उनके किरदार के साथ न्याय नहीं किया पर उन्होंने अपने दम पर इस किरदार को यादगार बनाया। इस बारे में बात करते हुए ऋषि कपूर ने अपने मेमॉयर 'खुल्लम खुल्ला' में भी जिक्र किया था। 'भले ही मैं इस फिल्म का हीरो था और सनी का इसमें गेस्ट अपीयरेंस था पर एंड में उनके किरदार को खूब तालियां मिलीं। भले ही सनी का काम मुझसे बेहतर था, उनका रोल भी ऑडियंस के साथ ज्यादा कनेक्ट कर गया पर मेरा कैरेक्टर प्ले करना बहुत मुश्किल था।' इस फिल्म से सबसे ज्यादा चर्चित सनी देओल का रोल हुआ था। वो फिल्म में दामिनी की मेड को इंसाफ दिलाते हैं। इस फिल्म से सबसे ज्यादा चर्चित सनी देओल का रोल हुआ था। वो फिल्म में दामिनी की मेड को इंसाफ दिलाते हैं। फिल्म दामिनी में मीनाक्षी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया था जो अपने परिवार के खिलाफ जाकर अपनी हाउसमेड को न्याय दिलाती है।ऋषि ने फिल्म में दामिनी के पति का किरदार निभाया था।

# मध्यप्रदेश को ₹19,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात



## 2.21 लाख पीएम आवासों का "गृह प्रवेशम्"

एवं

पीएम आवास (शहरी) में

1355 आवासों व अन्य इकाइयों का "लोकार्पण"

एवं

5 राष्ट्रीय राजमार्ग

मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, इंदौर

ग्वालियर, श्योपुर की 3 जल जीवन मिशन परियोजनाएं

आईआईटी इंदौर छात्रावास एवं अन्य भवन

9 शहरों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का

**शिलान्यास**

तथा

दिल्ली-वडोदरा-मुम्बई एक्सप्रेस-वे

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की ग्वालियर, रतलाम परियोजनाएं

विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन तथा आईआईटी इंदौर अकादमिक भवन

अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग स्पोर्ट्स सेन्टर, ग्वालियर

38 कि.मी. ग्वालियर-सुमावली रेलवे लाइन परिवर्तित आमान का

**लोकार्पण**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों द्वारा

2 अक्टूबर, 2023 । दोपहर 3:30 बजे । ग्वालियर, मध्यप्रदेश



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

**मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, इंदौर**
विभिन्न परिवहन सेवाओं की एकीकृत सुविधा के निर्माण से औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन एवं 15 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गारों का सृजन

**राष्ट्रीय राजमार्ग**
144 कि.मी. लंबी सड़कों के निर्माण से सुगम यातायात एवं सुरक्षित आवागमन संभव, किसानों को उपज के विक्रय में सुविधा

**जल जीवन मिशन परियोजनाएं**
ग्वालियर और श्योपुर जिलों के 723 गांवों को स्वच्छ जल, वर्ष 2025 तक 1 करोड़ 19 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल का लक्ष्य

**क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक**
9 शहरों के शासकीय अस्पतालों में कुल 450 बिस्तरों की बढ़ोत्तरी से चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि

**दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे**
औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा, रोज़गार के अवसरों का सृजन एवं बेहतर कनेक्टिविटी से किसानों को लाभ

**विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन**
1132 एकड़ में बहु-उत्पाद औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए सुविधाओं के विकास से निवेश को बढ़ावा

**अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग स्पोर्ट्स सेंटर, ग्वालियर**
विकास के सक्षम वातावरण के साथ दिव्यांग बच्चों को खेलों में प्रोत्साहन और प्रशिक्षण के अवसर

**ग्वालियर-सुमावली रेलवे आमान परिवर्तन**
38 कि.मी. आमान परिवर्तन एवं नई यात्री ट्रेनों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्र सीधे रेल सेवा से जुड़ेंगे, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं तक पहुंच होगी आसान

D-11131/23

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022